संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, सोमवार, 25 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, हरदीप सिंह पुरी 'मोटो जीपी भारत' के ट्रॉफी के साथ।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 12 अंक: 256 पृष्ठ: 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

## कानून सरल भाषा में होना चाहिए: जज

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने कानूनी पेशे में सरल भाषा के इस्तेमाल की बात कही है, ताकि आम आदमी को इसे समझने में आसानी हो। रविवार 24 सितंबर को शीर्ष कोर्ट ने ये भी कहा कि कानून के आसान भाषा में होने से लोग भी सोच-समझकर फैसला लेंगे और किसी भी तरह के उल्लंघन से बच पाएंगे। कानून हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा होते हैं, ये हमें कंट्रोल करते हैं। इसलिए इनकी भाषा आसान होनी चाहिए। जस्टिस संजीव खन्ना ने इंटरनेशनल लॉयर कॉन्फ्रेंस में स्पीच के दौरान यह कमेंट किया। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी। जस्टिस खन्ना ने ये भी कहा कि यह बात हमारी बहस और फैसलों पर भी लागू होती है। क्या लॉ एक पहेली है, जिसे सॉल्व करने की जरूरत है। कानून विवादों को सुलझाने के लिए हैं, ना कि खुद विवादित बनने के लिए। कानून देश के नागरिकों के लिए रहस्य नहीं होना चाहिए।

**मनमानी फीस वसूली न्याय के रास्ते में बाधा- जस्टिस खन्ना**
जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि मुकदमेबाजी और कानूनी पेशे का बिजनेस चिंता का विषय है। मुकदमे की बढ़ती लागत और वकीलों की मनमानी फीस की वजह से कई लोगों को न्याय नहीं मिलता। यह इंसाफ के रास्ते में बड़ी बाधा है। हमें सुनिश्चित करना होगा कि न्याय सभी के लिए सुलभ रहे। इस पेशे से जुड़े लोग आत्मनिरीक्षण करें।

## भारतीय फुटबॉल टीम एशियाई खेलों के प्री-क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली/हांगझोऊ:** भारतीय फुटबॉल टीम ने एशियाई खेलों के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। रविवार को ग्रुप ए में म्यांमार के खिलाफ मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा, जिसका फायदा उठाकर भारतीय टीम ने प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब प्री-क्वार्टर फाइनल में भारतीय टीम का मुकाबला मजबूत सऊदी अरब की टीम के साथ होगा। मुकाबले में भारत की ओर से पहला गोल आया। भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने 23वें मिनट में टीम के लिए पहला गोल दागा। हॉफ टाइम तक भारत 1-0 से आगे रहा। दूसरे हॉफ में म्यांमार ने वापसी की। म्यांमार की ओर से 76वें मिनट में गोल कर मैच को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद मैच में एक भी गोल नहीं हुआ। इस तरह मुकाबले 1-1 की बराबरी पर छूटा। एशियाई खेलों में भारत को अपने पहले मुकाबले में मेजबान चीन के खिलाफ 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अपने दूसरे मुकाबले में वापसी करते हुए भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ 1-0 से जीत हासिल की थी।

## निकहत जरीन ने एशियाई खेलों में जीत के साथ की शुरूआत

**नई दिल्ली/हांगझोऊ।** विश्व चैंपियन भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन ने चीन के हांगझोऊ में खेले जा रहे एशियाई खेलों में विजयी शुरूआत की है।

# जी20 से भारत की साख बढ़ी: पीएम मोदी

= पीएम मोदी ने कार्यक्रम में 27 सितंबर को होने वाले विश्व पर्यटन दिवस और शांति निकेतन-होयसड़ा मंदिर की भी चर्चा की

**मन की बात**

8 भारत ने जी20 समिट में अफ्रीका को फुल मेंबर बनवाकर अपनी लीडरशिप का लोहा मनवाया है: पीएम




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मन की बा**त के 105वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 और जी20 समिट की सफलता पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे चंद्रयान की सफलता के लिए कई पत्र मिले। भारत ने इस समिट में अफ्रीका को फुल मेंबर बनवाकर अपनी लीडरशिप का लोहा मनवाया है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में जर्मनी की एक लड़की की भी चर्चा की। वो देख नहीं पाती, लेकिन संस्कृत के श्लोक इतने आसानी से गाती हैं जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह जाए। पीएम ने कार्यक्रम में 27 सितंबर को होने वाले विश्व पर्यटन दिवस और शांति निकेतन-होयसड़ा मंदिर की भी चर्चा की।

**जर्मनी की 21 साल की दृष्टिहीन कैसमी का भारतीय संगीत से प्रेम** : जर्मनी की कैसमी, इन दिनों इंस्टाग्राम पर छाई हुई है। कैसमी कभी भारत नहीं आई। लेकिन भारतीय संगीत की दीवानी है। वे जन्म से देख नहीं सकती हैं, लेकिन ये चुनौती उन्हें रोक नहीं पाई। 3 साल की उम्र में संगीत से जुड़ने वाली कैसमी ने तबला बजाना भी सीखा है। कई भारतीय भाषाओं में महारत हासिल कर चुकी हैं। असमी बंगाली मराठी तमिल में गाती हैं।

**राजस्थान पुष्कर के सुखदेव भट्ट और उनकी कोबरा टीम: पीएम ने कहा कि** बीते कुछ साल में देश में शेर, बाघ, तेंदुआ और हाथियों की संख्या बढ़ी है। कई कोशिशें जारी हैं, ताकि दरती पर रहने वाले दूसरे जीवों को बचाया जा सके। एक प्रयास राजस्थान के पुष्कर में सुखदेव भट्ट और उनकी टीम जानवरों को बचाने में लगी है। उनकी टीम खतरनाक सांपों का रेस्क्यू करती है। टीम एक कॉल पर पहुंच जाती है। अब तक 30 हजार से ज्यादा सांपों का रेस्क्यू किया है। लोगों का खतरा दूर हुआ, प्रकृति का संरक्षण भी। ये बीमार जानवरों की मदद करते हैं

**तमिलनाडु के राजेंद्र प्रसाद का कबूतर प्रेम :**तमिलनाडु के ऑटो ड्राइवर एम राजेंद्र प्रसाद अनोखाकाम कर रहे हैं। वे पिछले 30 साल से कबूतरों की सेवा में जुटे हैं।




## पीएम ने 9 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार (24 सितंबर) को 9 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़े। ये ट्रेनें 11 राज्यों के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ाएंगीं। इन राज्यों में राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिमी बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात शामिल हैं। इस मौके पर पीएम ने कहा- नए भारत के नए लोग नए उत्साह और नई उमंग का प्रतीक है। मुझे इस बात की खुशी है कि वंदे भारत का क्रेज बढ़ रहा है। इससे अब तक 1 करोड़ 11 लाख से ज्यादा यात्री सफर कर चुके हैं। देश के अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों को अब तक 25 वंदे भारत ट्रेनों की सुविधा मिल रही है। अब इसमें 9 और वंदे भारत जुड़ जाएंगीं। प्रधानमंत्री ने रेलवे स्टेशन के विकास पर पर भी बात की। उन्होंने कहा कि देश के कई रेलवे स्टेशन गुलामी के काल में बने थे। विकसित होते भारत को अपनी गुलामी के प्रतीक इन रेलवे स्टेशनों को भी डेवलप करना होगा। अमृत काल में डेवलप होने वाले रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन कहे जाएंगे। पीएम ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब देश का हर क्षेत्र वंदे भारत से जुड़ जाएगा। ये ट्रेन उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण है जो ट्रेन सफर का समय कम से कम रखना चाहते हें। ये ट्रेन उन लोगों की जरूरत बन गई है, जो एक शहर से दूसरे शहर जाकर एक ही दिन में काम पूरा करके लौटना चाहते हैं। रेलवे स्टेशन कोई भी हो, उसका स्थापना दिवस यानी जन्मदिवस होता है।




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 'मोटो जीपी भारत' के अंतिम दिन ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) में मोटो जीपी की मुख्य रेस का अवलोकन किया और रेस में विजयी रहे मार्को बेजेची को प्रतियोगिता की ट्रॉफी भी प्रदान की।

## वारदात: कारोबारी के इकलौते बेटे की किडनैपिंग के बाद हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**प्रयागराज के** शंकरगढ़ में कारोबारी के 13 साल के इकलौते बेटे की किडनैप करके हत्या कर दी गई। रविवार सुबह बच्चे का शव चित्रकूट के जंगल में मिला है। शनिवार शाम को बच्चे के अपहरण के 5 घंटे बाद पिता के मोबाइल पर बदमाशों की एक कॉल आई। इसमें कहा था कि 15 लाख रुपए लेकर रीवा के डभऊरा के जंगल में आओ...नहीं तो तुम्हारे बेटे को गोली मार देंगे। पिता ने यह सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने नंबर सर्विलांस पर लगाकर जांच शुरू की। हालांकि, पुलिस किडनैपर्स तक पहुंचे इससे पहले ही सुबह 8 बजे के करीब बच्चे की लाश जंगल में मिल गई।

## 'एमपी-छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की जीत पक्की'

राजस्थान में करीबी मुकाबला, लेकिन सरकार बनाएंगे; तेलंगाना भी जीत सकते हैं: राहुल

**दावा**

8 राजस्थान में मुकाबला करीबी हो सकता है, लेकिन उन्हें यकीन है जीत कांग्रेस की ही होगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राहुल गांधी ने** दावा किया है इसी साल होने वाले पांच राज्यों के चुनावों में कांग्रेस मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव जीत रही है। तेलंगाना जीत सकते हैं। राजस्थान में मुकाबला करीबी हो सकता है, लेकिन उन्हें यकीन है जीत कांग्रेस की ही होगी। राहुल गांधी रविवार को दिल्ली में एक इवेंट में मौजूद थे, वहीं उन्होंने ये बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कई हथकंडे अपनाती है। रमेश बिधूड़ी का संसद में दूसरे सांसद को गाली देना और एक देश-एक चुनाव का विचार लाना उन्हीं में से एक है। राहुल ने यह भी कहा कि जब भी संसद में कोई बात रखी जाती है, तो वे ध्यान भटकाने के लिए ऐसी चीजों का इस्तेमाल करते हैं। हमने सीख लिया है, इससे कैसे निपटना है। कर्नाटक चुनाव से सबक सीखकर पार्टी का नैरेटिव बनाया राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव से बहुत जरूरी सबक सीखा है कि भाजपा ध्यान भटकाती है। वह हमें अपना नैरेटिव बनाने से रोकती रही।



**'असली मुद्दों से मुकाबला नहीं कर सकती भाजपा'**

**राहुल** गांधी ने विपक्षी अलायंस इंडिया चीजों के साथ खुद को ढाल रहा है और एक साथ काम कर रहा है। विपक्ष के साथ भारत की 60% आबादी है। हम निश्चित रूप से 2024 के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को सरप्राइज देने वाले हैं। राहुल ने दावा किया कि उनकी पार्टी ऐसी स्थिति में ढल रहे हैं जहां भाजपा मीडिया को नियंत्रित करती है।
**असली मुद्दों से मुकाबला नहीं कर सकती भाजपा:** भारत में असली मुद्दे गरीबी, बेरोजगारी, निचली जाति, ओबीसी और आदिवासियों से अन्याय और महंगाई हैं। भाजपा उनसे मुकाबला नहीं कर सकती। इसलिए कहती है- आइए बिधूड़ी जी एक बयान दें। आइए एक साथ आएं और एक साथ चुनाव कराएं।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो: 500 से अधिक विदेशी बायर्स ने कराया रजिस्ट्रेशन

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएड**
**यूपी इंटरनेशनल** ट्रेड शो के तीसरे दिन रविवार को 500 से अधिक विदेशी बायर्स ने रिजिस्ट्रेशन कराया जोकि इस आयोजन के लिए शानदार सफलता मानी जा रही है। योगी सरकार के दूरदर्शी सोच का परिणाम इस इंटरनेशनल ट्रेड शो ने अपने पहले ही प्रयास में देसी-विदेशी खरीदारों का विश्वास जीत लिया है। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन योगी सरकार करा रही है। जहां, देसी बायर्स के अलावा बड़ी संख्या में एशियाई, यूरोप, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका से बायर्स खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं ट्रेड शो के तीसरे दिन रविवार को इलेक्ट्रॉनिक आईटीएस मैनुफेक्चरिंग एंड एक्सपोर्ट विषय पर रहा। जिसके अंतर्गत एक्सपर्ट्स ने उत्तर प्रदेश- लीडिंग द ग्रोथ टू इंडियाज आईसीटी मैनुफेक्चरिंग एंड एक्सपोर्ट विषय पर चर्चा की। इस अवसर पर यूपीईसीएल के चेयरमैन संदीप निरूला ने कहा कि उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक-आईसीटी मैनुफेक्चरिंग एंड एक्सपोर्ट में तेजी से ग्रोथ कर रहा है।



**एक्सपोर्ट ग्रोथ**

8 विशेषज्ञ जता रहे भरोसा आने वाले समय में कई दिग्गज सॉफ्टवेयर कंपनियां करेंगी यूपी में निवेश

## 'महिला विजिटर्स कर रही नारेबाजी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शिवसेना** (उद्धव गुट) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ को चिट्ठी लिखी है। इसमें 21 सितंबर को संसदीय कार्यवाही के दौरान महिला विजिटर्स की तरफ से की गई नारेबाजी पर एक्शन की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के वक्त सांसदों की तरफ से बुलाई गई कुछ महिलाओं ने राजनीतिक नारेबाजी की थी। प्रियंका ने इस पत्र की जानकारी देते हुए बताया कि महिला विजिटर्स सांसदों के न्योते पर आई थीं। किसी भी विजिटर को संसदीय कार्यवाही के दौरान बात करने की अनुमति नहीं होती।

## एशियन गेम्स: भारत की झोली में पांच पदक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चीन** के हांगझोऊ में खेले जा रहे एशियन गेम्स में भारत की शानदार शुरूआत हुई है। रविवार को भारत की झोली में एक के बाद एक पदक आए हैं। सुबह दो पदक जीतने के बाद तीन और पदक भारत की झोली में आए हैं। भारत के लिए तीसरा पदक पुरुषों के कॉक्सलेस पेयर इवेंट में आया। भारतीय जोड़ी लेख राम और बाबू लाल यादव ने कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने 6:50:41 के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके बाद पुरुष कॉक्स 8 इवेंट से भारत के लिए एक और पदक आया। नीरज, नरेश कलवानिया, नीतिश कुमार, चरणजीत सिंह, जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनित कुमार, आशीष और धनंजय उत्तम पांडे की भारतीय टीम ने 05:43.01 के समय के साथ दूसरे नंबर पर रहते हुए रजत पदक अपने नाम किया। भारत के लिए महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में शूटर रमिता ने एक और पदक दिलाया। रमिता ने 10 मीटर एयर राइफल में भारत को कांस्य पदक दिलाया है। इससे पहले सुबह मेहुली घोष, रमिता और आशी चौकसे की भारतीय महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम ने एशियाई खेलों में देश के लिए पहला पदक जीता।



**पदक पर कब्जा**

8 भारत की झोली में एक के बाद एक पदक आए हैं। दो पदक जीतने के बाद तीन और पदक भारत की झोली में आए

## एनआईए ने मणिपुर से संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**नेशनल** इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने मणिपुर से एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के अधिकारी ने शनिवार 23 सितंबर को यह जानकारी दी। उनका दावा है कि आरोपी म्यांमार स्थित टेरर ग्रुप का सदस्य है। वो मणिपुर में हो रही जातिया हिंसा का इस्तेमाल देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए करने की साजिश कर रहा था।

**ब्रॉशर जारी** कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में जनता को समर्पित की 12 करोड़ रुपये की विकासात्मक परियोजनाएं

## सीएम सुक्खू ने राज्य स्तरीय कुल्लू दशहरा समिति की बैठक की अध्यक्षता की

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/ श्याम कुल्वी**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस वर्ष 24 से 30 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित किए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के पूर्वावलोकन कर्टन रेजर कार्यक्रम का शुभारंभ कर इसका ब्रॉशर जारी किया। गत दिवस को राज्य स्तरीय कुल्लू दशहरा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्सव इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को उत्सव के लिए क्षेत्र में निर्बाध परिवहन सुविधा सुनिश्चित करने के दृष्टिगत मंडी-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान प्रदेश विशेषकर कुल्लू जिले में पर्यटन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद आपदा के दौरान जिला प्रशासन, विभिन्न विभागों, संगठनों एवं लोगों द्वारा राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए दिया गया योगदान प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि हिमाचल एक बार फिर पर्यटकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह से तैयार है और आगामी कुल्लू दशहरा उत्सव इस संबंध में एक मील पत्थर साबित होगा। पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहन प्रदान करने में दशहरा उत्सव की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव वास्तव में एक वैश्विक कार्यक्रम बनने के लिए तैयार है। विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक दलों के साथ-साथ रूस, इजराइल, रोमानिया, कजाकिस्तान, क्रोएशिया, वियतनाम, ताइवान, थाईलैंड, पनामा, ईरान, मालदीव, मलेशिया, कीनिया, दक्षिण सूडान, जाम्बिया, घाना और इथियोपिया सहित 19 देशों के प्रतिभागी उत्सव में एक विविध और अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक झलक दिखायेंगे।



**दशहरा की तैयारी**

8 सीएम ने अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के पूर्वावलोकन कार्यक्रम का शुभारंभ किया

## खालिस्तान समर्थकों पर एनआईए का एक्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**सिख फॉर जस्टिस** (एसएफजे) के मुखिया और खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की चंडीगढ़ और अमृतसर में प्रॉपर्टी जब्त करने के बाद एनआईए ने खालिस्तानी समर्थकों की नई लिस्ट जारी की है। एनआईए लिस्ट में 19 खालिस्तानी समर्थकों के नाम शामिल हैं और जो भारत से भाग विदेशों में छिपकर देश के खिलाफ ही षडयंत्र रचते हैं। इन सभी की भी प्रॉपर्टी को अटैच करने की तैयारी चल रही है। इस लिस्ट में जिन खालिस्तानी समर्थकों के नाम दर्ज हैं, वे सभी कनाडा, अमेरिका, यूके, ऑस्ट्रेलिया और दुबई आदि देशों में बैठ भारत के खिलाफ ही प्लानिंग करते हैं। इतना ही नहीं, भारत में इन सभी के नाम भगोड़ों की सूची में दर्ज है। इस लिस्ट में परमजीत सिंह पम्मा, कुलवंत मुठड़ा, सुखपाल सिंह, सरबजीत बेनूर, कुलवंत, गुरप्रीत सिंह, हारजप, हरप्रीत सिंह, रणजीत नीटा, गुरमीत सिंह, जसमीत हकीमजादा, गुरजंत ढिल्लन, लखबीर रोड़े, अमरदीप पुरेवाल, जतिंदर ग्रेवाल, दुपिंदर जीत, एस हिम्मत सिंह, वाधवा सिंह (बब्बर चाचा) और जे धालीवाल के नाम शामिल है।

**सख्ती**

8 कनाडा-दुबई समेत 5 देशों में बैठे 19 खालिस्तानियों की लिस्ट तैयार, निज्जर-पन्नू जैसे प्रॉपर्टी जब्त होग

**ओसीआई कार्ड रद्द करने की तैयारी :** भारत इसके साथ ही एक और कार्रवाई करने की तैयारी में है। विदेशों में बैठ भारत के खिलाफ ही षड़यंत्र रचने वाले खालिस्तानी समर्थकों की एनआईए ने पहचान करनी शुरू कर दी है। बीते एक साल में भारत के खिलाफ खालिस्तानी मूवमेंट का हिस्सा बनने वाले समर्थकों को एनआईए ढूंढ रही है। इन सभी के ओसीआई कार्ड रद्द करने की प्लानिंग भी चल रही है।
ओसीआई वे भारतीय कार्ड है, जो विदेश में रहने वाले एननआरआई को दोहरी नागरिकता प्रदान करता है।

# देश के सबसे दूरदर्शी नेता हैं मोदी : बिंदल

## इच्छाशक्ति दृढ़ हो, इरादा नेक हो, नियत साफ हो और भाव सेवा का हो तो हर काम मुमकिन होता है'

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भाजपा प्रदेश** अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने शिमला स्थित ग्रैंड होटल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम में भाग लिया। उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल, महामंत्री त्रिलोक कपूर, मीडिया प्रभारी करण नंदा, सुदीप महाजन, रमा ठाकुर, राज पाल, मंडल अध्यक्ष सुनील धर विशेष रूप में उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने भाजपा के संस्थापक दिन दयाल उपाध्याय के एकात्मक मानववाद को याद करते हुए कार्यकताओं को संबोधित किया। जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के छोटे-छोटे कार्यों को देखते हुए बड़े पटल पर लाते हैं वह बहुत



बड़ी बात है। इससे पूरा देश प्रोत्साहित होता है और नई ऊर्जा और दिशा में आगे बढ़ता है, 1947 से आज तक ऐसा कोई भी प्रधानमंत्री इस देश को नहीं मिला जो सीधा भारत की जनता से जुड़ पाया।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक के बाद एक ऐतिहासिक निर्णय ले रही है।जब इच्छाशक्ति दृढ़ हो, इरादा नेक हो,नियत साफ हो और भाव सेवा का हो तो हर काम मुमकिन होता है। ऐसा व्यक्ति ही इतिहास रचता है और लोगों के दिलों में बसता है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसा ही इतिहास इस सितंबर में रचा है। एक तो देश को नई संसद की सौगात आजादी के अमृतकाल में उनके नेतृत्व में देश को मिली और इस नई संसद में जो ऐतिहासिक कार्य हुआ है, उसके लिए देश को 27 वर्षों से इंतजार था। लोकसभा ने 20 सितंबर को जो नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया है, वह भारत के लिए ऐतिहासिक छलांग है और देश की नारी शक्ति के लिए एक वरदान है। प्रधानमंत्री मोदी की कल्पना ने कार्यरूप लिया तो भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी का सपना भी साकार हुआ। यह विधेयक न केवल नारी सशक्तिकरण के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगा बल्कि न्यायपूर्ण और लैंगिक समानता को भी बढ़ावा देगा। इस प्रकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारत सरकार को बधाई।

# 'अधिकतर महिलाओं में खून की कमी, घुटने की दर्द और कमर दर्द की शिकायत'

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**उपमंडल कोटली** के तहत ग्राम पंचायत सदोह में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सदर भारतीय जनता पार्टी द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में करीब 150 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस शिविर में प्रयास संस्था की ओर से आए हुए मरीजों को निशुल्क स्वास्थ्यवर्धक दवाएं प्रदान की गई। स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच करने आए डॉक्टर ओम राज शर्मा ने कहा कि चिकित्सा जांच के दौरान अधिकतर महिलाओं में रक्त की कमी, कमर दर्द और घुटनों के दर्द की शिकायत पाई गई। उन्होंने कहा कि इस शिविर में 150 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें निशुल्क रक्षा वर्धक



दवाई भी दी गई। इस दौरान शुगर टेस्ट और अन्य रक्त से संबंधित टेस्ट भी किए गए। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहे हैं जिसमें अधिकतर ग्रामीण स्तर पर उन लोगों की स्वास्थ्य जांच की जाती है जो लोग चिकित्सालय से महरूम रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में यदि प्राणी मात्र सुरक्षित रहेगा और स्वस्थ होगा तो विकसित राष्ट्र का निर्माण भी होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश का हर नागरिक स्वस्थ, सुरक्षित और समर्थ हो। इस शिविर का शुभारंभ सदर भाजपा मंडल के अध्यक्ष मनीष कपूर द्वारा किया गया जबकि उनके सहयोगी के तौर पर सदर भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष शिवकुमार ठाकुर, ग्राम केंद्र अध्यक्ष मनोज शर्मा, सहित आदि उपस्थित रहे।

# 'थ्री टियर टैक्स में बाहरी राज्यो के ऑपरेटरों को राहत दें सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**आपदा के समय** हिमाचल प्रदेश में सरकार को जहां राहत देने की दिशा में काम करना चाहिए। तो वहीं आए दिन प्रदेश सरकार जन विरोधी निर्णय ले रही है। जिससे प्रदेश के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा थ्री टियर टैक्स की व्यवस्था की गई है। जिससे पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ के टैक्सी ऑपरेटर सरकार से खासे नाराज चल रहे हैं। वहीं विधानसभा में कांग्रेस सरकार के द्वारा जो स्टैम्प ड्यूटी 10 गुना करने का फैसला लिया है वह भी गलत है। हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता पंकज जंबाल व प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित सूद ने बताया कि थ्री टियर टैक्स व्यवस्था से नाराज होकर पंजाब हरियाणा व चंडीगढ़ के टैक्सी ऑपरेटर ने परवाणु



बैरियर पर भी प्रदर्शन किया था। बीते दिनों ही टैक्सी ऑपरेटरों ने मिलकर प्रदेश सरकार से भी मांग रखी थी कि जल्द से जल्द हिमाचल सरकार इस टैक्स में राहत दे। वरना वे हिमाचल के बॉर्डर सील कर देंगे। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पंकज जंबाल और प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित सूद ने बताया कि पहले ही टैक्सी ऑपरेटर आपदा के चलते प्रभावित हुए हैं। ऐसे में बाहरी राज्य के टैक्सी ऑपरेटर को हिमाचल तक आने के लिए विभिन्न जगहों पर प्रतिदिन लगभग 5200 चुकाने पड़ रहे हैं। यह टेक्स उन्हें ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट व कांट्रैक्ट कैरिज टैक्स चुकाने के बावजूद भी देना पड़ रहा है। इस तरह से हिमाचल में अब परिवहन विभाग ने थ्री टियर टैक्स प्रणाली शुरू कर दी है। ऐसे में प्रदेश सरकार को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। क्योंकि बाहरी राज्यों से टैक्सियों के माध्यम से ही पर्यटक यहां पर पहुंचते हैं और हिमाचल प्रदेश के लाखों पर्यटक कारोबारी को इसका सीधा फ ायदा पहुंचता है। हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा आपदा के समय में अब सीमेंट पर भी 4 रुपए टैक्स बढ़ाया है।।जिसके चलते अब निजी कंपनी प्रबंधन के द्वारा भी सीमेंट के दामों को बढ़ाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता पंकज जंबाल और प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित सूद ने बताया कि अगर सरकार के द्वारा सीमेंट के एक बैग पर 4 रुपए अतिरिक्त टैक्स लिया जाता है तो प्रदेश में लोगों को यह सीमेंट अब 5 से 10 रुपए तक महंगा हो जाएगा। जिससे आपदा से जूझ रहे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। प्रदेश सरकार के द्वारा सीमेंट के एक बार बैग पर पहले 7 रुपए 50 पैसे की दर से टैक्स लिया जाता था लेकिन अब इसकी दर बढकर 11 रुपए 50 पैसे प्रति बैग कर दी गई है। उनका कहना है कि पहले ही आपदा के चलते कई भवन, सडके बुरी तरह से प्रभावित हुई है। ऐसे में सीमेंट के दाम भी बढने से लोगों को काफ ी दिक्कतें उठानी पड़ेगी और सरकार के द्वारा जो यह फैसला लिया गया है। इससे प्रदेश के लाखों लोग बुरी तरह से प्रभावित होंगे।

# जिला स्तरीय नलवाड़ मेले की दूसरी संध्या रही पवनजीत कश्यप व राखी गौतम के नाम

**टीम एक्शन इंडिया/ गोहर/ सुभाग सचदेवा**

**जिला स्तरीय** नलवाड़ मेला ख्योड़ की दूसरी सांस्कृतिक संध्या पवनजीत कश्यप वह मशहूर हिमाचली गायिका राखी गौतम के नाम रही। कार्यक्रम में नाचन ब्लॉक कांग्रेस पार्टी के महासचिव चमन उपमन्यु व जिला महासचिव लाभ चंद शर्मा ने बतौर संयुक्त रूप से बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। संध्या कार्यक्रम में रासायनिक विज्ञान के प्रवक्ता पवनजीत कश्यप, मशहूर हिमाचली गायिका राखी गौतम और भाग सिंह स्टार कलाकार रहे। स्टार कलाकारों ने पंडाल में पूरी तरह से समा बांधे रखा और दर्शकों खूब मनोरंजन किया। स्टेज पर पहुंचते ही पवनजीत कश्यप एक से बढकर एक फि ल्मी पंजाबी को पुराने नगमे का गुलदस्ता पेश किया और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया उसके बाद हिमाचली गायिका राखी गौतम ने दर्शकों की फ रमाइश पे सावन आया बादल छाए, दिल दीवाना बिन सजना के, तेरा मेरा प्यार बचपनों रा, निकी जिन्नी गोजरी, लडका आंख मारे, इश्क दी गली बीच नो एंट्री, पल पल न माने टिंकू जिया जैसे मनमोहक गीतों के साथ श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। उभरते हुए पहाड़ी गायक भाग सिंह ने ठंडा पाणी तेरे क्यारू रा, धोई डाहे दोहड़ू बांका, झेचे री बांकी सोहरिए, बांगा चुटी ओ, गोरा तेरा मुखड़ू झप केरदा आदि पहाड़ी, फ ोक गीतों से खूब वाहवाही लूटी। इससे पूर्व संध्या कार्यक्रम में सराज क्वीन सुमन शर्मा तथा लोक संपर्क विभाग के कलाकारों ने पहाड़ी, कुल्लवी और कांगड़ी गीत पेश कर मनोरंजन दर्शकों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया।


GOVERNMENT OF HIMACHAL PRADESH
JAL SHAKTI VIBHAG

"NOTICE INVITING TENDER"

The Executive Engineer, Jal Shakti Division, Solan invites tender notice on behalf of Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors/firms for the following work through offline process:

| Sr. No. | Name of work | Estimated cost. | Earnest Money. | Time of Completion | Cost of form. | Last date of sale of tender form Divisional office upto | Opening date of tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Providing equipment for Water Testing Laboratory Kandaghat (SH:- P/I of Equipment for Microbiological Section). | 4,00,000/- | 8,150/- | One month | 250/- | 03.10.2023 up to 5.00 P.M. | 04.10.2023 at 5.30 P.M. |
| 2. | Providing Chemicals for Water Testing Laboratory Kandaghat (SH:- Providing Chemicals, Glassware and Equipments for water Testing Laboratory Kandaghat). | 4,89,626/- | 9,800/- | One month | 250/- | -do- | -do- |
| 3. | Providing Water Quality and Surveillance Programme in District Solan H.P. (SH:- Providing Services of Bacteriological Testing in accordance with NABL guidelines in District Water Testing Laboratory Kandaghat at Jal Shakti Sub Division Kandaghat (For one Year). | 3,02,742/- | 6,100/- | One year | 250/- | -do- | -do- |
| 4. | Providing Water Quality and Surveillance Programme in District Solan H.P. (SH:- Providing Services of Bacteriological Testing in accordance with NABL guidelines in District Water Testing Laboratory Kandaghat at Jal Shakti Sub Division Kandaghat (For one Year). | 2,15,861/- | 4,400/- | One year | 250/- | -do- | -do- |
| 5. | Consultancy for preparation of detail project report for providing LIS Chandreyan via C/O Dyke on Tipra Khad in GP Jangesha Tehsil Kasauli Distt. Solan H.P.) (SH:- Preparation of DPR). | 3,28,320/- | 6,600/- | One month | 250/- | -do- | -do- |
| 6. | C/O of Rain water harvesting structures (check dams) and pond structures to artificially recharge the aquifer in Tehsil Solan, Distt Solan H.P. (SH:- Consultancy service for preparation of DPR of Rain harvesting Structure to artificially recharge the water supply schemes sources from various Khads in Jangesha Section of Dharampur Sub Division). | 4,86,665/- | 9,950/- | One month | 250/- | -do- | -do- |
| 7. | C/O of Rain water harvesting structures (check dams) and pond structures to artificially recharge the aquifer in Tehsil Kasauli, Distt Solan H.P. (SH:- Consultancy service for preparation of DPR of Rain harvesting Structure to artificially recharge the water supply schemes sources from various Khads in Dharampur Section of Dharampur sub division). | 4,68,462/- | 9,400/- | One month | 250/- | -do- | -do- |
| 8. | C/O of Rain water harvesting structures (check dams) and pond structures to artificially recharge the aquifer in Tehsil Kasauli, Distt Solan HP (SH:- Consultancy service for preparation of DPR of Rain harvesting Structure to artificially recharge the water supply schemes sources from various Khads in Garkhal Section of Dharampur sub division). | 4,68,462/- | 9,400/- | One month | 250/- | -do- | -do- |
| 9. | C/O of Rain water harvesting structures (check dams) and pond structures to artificially recharge the aquifer in Tehsil Kasauli, Distt Solan H.P. (SH:- Consultancy service for preparation of DPR of Rain harvesting Structure to artificially recharge the water supply schemes sources from various Khads in Koti Section of Dharampur sub division). | 4,68,462/- | 9,400/- | One month | 250/- | -do- | -do- |
| 10. | Restoration of rain damages of LWSS Jandori (SH:- C/O modular steel water tank of capacity 30000 ltrs.) under CRF. | 4,75,803/- | 9,500/- | Three months | 250/- | -do- | -do- |
| 11. | Providing LWSS Mehli Phase-II in G.P.Kanair Tehsil Kandaghat Distt. Solan HP (SH:- Laying of various dia GMS pipes & P/F G.I. fittings such as union, socket, tee, elbow, full way valve and female etc). | 4,11,465/- | 8,250/- | One month | 250/- | -do- | -do- |
| 12. | Providing LWSS Mehli Phase-II in GP Kanair Tehsil Kandaghat Distt. Solan HP. (SH:- Dismantling of various dia GMS pipes). | 3,97,538/- | 7,950/- | One month | 250/- | -do- | -do- |
| 13. | Restoration of rain damages in various WSS under Jal Shakti Sub Division Dharampur Tehsil Kasauli Distt. Solan H.P. (SH:- P/F Electrical items in J.S. Section Dharampur). | 4,29,500/- | 8,600/- | One month | 250/- | -do- | -do- |
| 14. | Extension of LWSS Barang Kasla to village Aanji Chanola, Tehsil Kasauli, Distt. Solan H.P. (SH:- Supply & erection of Submersible pump set with allied accessories for village Chandya 1st & 2nd stage). | 4,70,600/- | 9,450/- | 15 days | 250/- | -do- | -do- |
| 15. | Restoration of rain damage of LWSS Madhiyana in GP Chandyon Tehsil Kasauli Distt. Solan H.P. (SH:- Repair of 1st stage and 2nd stage pump house) under CRF. | 4,08,334/- | 8,200/- | Three months | 250/- | -do- | -do- |
| 16. | R/M of LWSS Solan from Ashwani Khad 1st stage (SH:- Repair/rewinding of 300 HP Motor (stator & rotor) & P/F bearing etc.) Set No. 1). | 3,68,778/- | 7,400/- | 15 days | 250/- | -do- | -do- |
| 17. | Construction of RCC storage tank having 15000 ltrs. capacity at village Jnauka Kalan deposit work Zila Parishad in GP Raari in Tehsil Kasauli Distt. Solan H.P.) under CRF. | 2,38,303/- | 4,800/- | Three months | 250/- | -do- | -do- |
| 18. | Restoration of heavy rain damages of LWSS Katyari Kiarton Tehsil Kandaghat Distt. Solan HP (SH:- P/L jointing of 63 mm dia HDPE pipe (PE-80 PN 4) from source to sump well) under CRF. | 2,02,250/- | 4,050/- | One month | 250/- | -do- | -do- |
| 19. | Restoration of rain damages of LWSS Sahori Jhajja Danghed Tehsil Kandaghat Distt. Solan H.P. (SH:- Providing & installation of mono submersible pump set with related accessories). | 2,52,800/- | 5,050/- | One month | 250/- | -do- | -do- |

The tender forms and other detailed can be obtained from website http://www.hpiph.org

HIMSUCHNA AVAM JANSAMPARK

R.O.N-2862/2023-2024

Executive Engineer,
Jal Shakti Division, Solan


## न्यूज फ्लैश

### वर्ष 2023-25 अवधि के लिए नोडल क्लब व युवा स्वयंसेवकों के चयन हेतु 30 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा। जिला युवा** सेवा एवं खेल कार्यालय शिमला में नोडल क्लब योजना के तहत वर्ष 2021-23 की अवधि जुलाई 2023 में समाप्त हो रही है व वर्ष 2023-25 के लिए प्रत्येक विकासखंड में नोडल क्लब व युवा स्वयंसेवकों का चयन किया जाना प्रस्तावित है जिसके लिए प्रत्येक विकासखंड से आवेदन प्राप्त नहीं हुए है। इसके लिए आवेदन 30 सितम्बर, 2023 तक बढ़ा दी गई है इच्छुक युवक/युवतियां अपना आवेदन जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी कार्यालय शिमला में 30 सितम्बर 2023 तक जमा कर सकते है। युवा सेवा एवं खेल विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा पिछले कई वर्षो से सभी जिला मे नोडल क्लब योजना चलाई जा रही है इस योजना के अंतर्गत जिलों के सभी विकास खंडों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा मण्डल को नोडल क्लब के रूप में 2 वर्षों के लिए चयनित किया जाता। चयनित नोडल क्लब के एक उत्कृष्ट युवा को सामाजिक खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को चलाने हेतु युवा स्वयं सेवी के रूप में चयनित किया जाता है। युवा स्वयं सेवी चयन में उन युवाओं/युवतियों को प्राथमिकता दी जाएगी जो सभी शर्तों को पूरा करते हो जैसे की ब्लॉक स्तर पर रखे गए युवा स्वयंसेवी की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 102 या इसके समकक्ष होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, उसकी आयु 31 मार्च, 2023 को 28 वर्ष से कम होनी चाहिए और वह पंजीकृत क्लब का कर्मठ सदस्य होना चाहिए। युवा स्वयंसेवी का चयन किसी विशेष जाति वर्ग व लिंग के आधार पर नहीं किया जाएगा।

### पांवटा साहिब में सफ ाई कर्मियों की हुई स्वास्थ्य जांच

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। नगर परिषद** पांवटा साहिब ने इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 एवं स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत सफ ाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया। जिसमें सभी सफ ाई कर्मी तथा ठोस कचरा प्रबंधन प्लांट में कार्य करने वाले सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच शिविर में सरकारी हॉस्पिटल पांवटा साहिब की टीम से डॉक्टर स्पर्श और डॉक्टर तुषार ने सभी सफाई कर्मियों की स्वास्थ्य की जांच की तथा आवश्यक टेस्ट और दवाइयां उपलब्ध करवाई। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय तोमर, नप चेयरपर्सन निर्मल कौर और वाइस चेयरमैन ओपी कटारिया ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन नगर परिषद पांवटा साहिब द्वारा समय-समय पर किया जाता रहता है।

# प्रदेश सरकार जन विरोधी निर्णय ले रही है : पंकज जामवाल

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**भाजपा ने कांग्रेस** सरकार पर जनविरोधी निर्णय लेने का काम किया है। हिमाचल प्रदेश में सरकार को इस आपदा के समय मे राहत देने की दिशा में काम करने चाहिए था मगर आए दिन प्रदेश सरकार जन विरोधी निर्णय ले रही है जिससे प्रदेश के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पंकज जामवाल ने यह शब्द कहे उन्होंने कहा कि सरकार ने विधानसभा में अब राजस्व विभाग के नियमो का संसोधन किया है



जिसके तहत प्रदेश में स्टैम्प ड्यूटी को 10 गुना बढ़ाकर प्रदेश की जनता को ठगने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अब हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा थ्री टियर टैक्स की व्यवस्था की गई है। जिससे पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ के टैक्सी ऑपरेटर सरकार से खासे नाराज चल रहे हैं। थ्री टियर टैक्स व्यवस्था से नाराज होकर पंजाब हरियाणा व चंडीगढ़ के टैक्सी ऑपरेटर ने परवाणु बैरियर पर भी प्रदर्शन किया था। बीते दिनों ही टैक्सी ऑपरेटरों ने मिलकर प्रदेश सरकार से भी मांग रखी थी कि जल्द से जल्द हिमाचल सरकार इस टैक्स में राहत दे। वरना वे हिमाचल के बॉर्डर सील कर देंगे। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पंकज जंबाल और प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित सूद ने बताया कि पहले ही टैक्सी ऑपरेटर आपदा के चलते प्रभावित हुए हैं।

### पुलिस में हुई रोड सेफ्टी क्लब की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ। जिला** सिरमौर के मुख्यालय नाहन के पुलिस सम्मेलन कक्ष में आज रोड सेफ्टी क्लब की महत्वपूर्ण बैठक डीएसपी नाहन रमाकांत ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए चर्चा की गई। उन्होंने माना कि नाहन में यातायात व्यवस्था और पार्किंग एक गंभीर समस्या है। उन्होंने रोड सेफ्टी क्लब के सदस्यों एवं थाना प्रभारी और ट्रैफिक इंचार्ज के साथ मिलकर इन समस्याओं के समाधान हेतु आश्वासन दिया।

## 2 छात्राओं ने कुश्ती प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**मंडी जिला** के सुंदर नगर में आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में चंबा जिला की दो छात्राओं ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। टीम मैनेजर धीरज ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 33 किलो वर्ग में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा की महिमा कुमारी और 58 किलोग्राम वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भांदल से अनन्या ठाकुर ने अपने दमखम का



प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। इन दोनों छात्राओं का राज्य स्तर के लिए चयन भी हुआ है। अब अनन्या और महिमा दोनों ही मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेगी।इसके साथ ही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुडेरा की काजल 46 किलो वर्ग मेंए राशि शर्मा राजकीय कन्या आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला 54 किलो वर्ग में व शालिनी ठाकुर गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बघेईगढ़ ने कांस्य पदक हासिल किया। उप निदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चाडक व उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सुमन कुमार मिन्हास ने राज्य स्तर पर चयनित छात्राओं को हार्दिक बधाई दी है।प्रतियोगिता में जिला चंबा की 10 छात्राओं ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुंदर नगर में आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लिया।

# सलानी कटौला पंचायत के नौनिहालों को नाला बना मुसीबत

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**जिला के मुख्यालय** नाहन के साथ लगती ग्राम पंचायत सलानी कटोल से कुछ हैरतअंग्रेज कर देने वाली तस्वीर सामने आई है। जहां हिमाचल प्रदेश में आई आपदा के बाद हर कोई सहमा है। नदी नाले कब उफ ान पर आ जाए पहाड़ी-ढंग से कब भू-स्खलन हो जाए के डर से लोग सावधान हुए है तो वहीं सलानी गांव के लोग खुद नदी के रास्ते ढंग से ऊपर बच्चों को स्वयं खींच कर स्कूल पहुंचाने को मजबूर हैं। ग्राम पंचायत सलानी कटोला में राजकीय प्राथमिक पाठशाला सलानी में पहुंचने के



लिए नन्हे छात्रों को आए दिन जान जोखिम में डालकर रास्ता तय करना पड़ रहा है। आलम यह है कि थोड़ी चूक भी यहां किसी बड़े हादसे को अंजाम दे सकती है, लेकिन संबंधित ग्राम पंचायत, अधिकारी व नेता इस मामले से अनभिज्ञ हैं। बता दें कि बरसात के दिनों यहां पर काफ ी नुकसान देखने को मिला था और भारी बारिश के कारण नदी उफ ान पर होने के चलते रास्ता नदी में ही बह गया था। जिसके बाद से यहां समस्या पैदा हो गई है। तस्वीरों के माध्यम से साफ.-साफ देखा जा सकता है कि किस तरह छात्रों को ऊंची ढंग में खींचकर सडक तक पहुंचाया जा रहा है। यह सिलसिला हर रोज छात्रों को स्कूल पहुंचाने और स्कूल से वापस लाने को लेकर अभिभावकों को करना पड़ रहा है। यदि ढंग से पैर फि सल जाए तो छात्र यहां किसी बड़े हादसे का शिकार भी हो सकते हैं। इतना ही नहीं छात्रों को नदी पार करनी पड़ रही है ऐसे में यदि ऊपर कहीं बारिश हो और अचानक नदी में जलस्तर बढ़ जाए तो यहां कोई अप्रिय घटना घट सकती है। जिसका डर अभिभावकों को सता रहा है। मीडिया से रूबरू हुए बीडीओ विकास ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं हैं। सबन्धित पंचायत प्रधान से रिपोर्ट मंगवाई जाएगी। मौके पर अधिकारियों को भेजकर प्राक्कलन तैयार करवाया जाएगा। जल्द समाधान हो। इसके लिए कार्य किया जाएगा।

# 'सुख की सरकार के मुखिया का अनुसरण करें भाजपा'

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**प्रदेश में हाल** ही की प्राकृतिक आपदा के उपरांत जिस प्रकार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने अपनी निजी बचत से प्रदेश आपदा राहत कोष में 51 लाख रुपए देने की पहल की है उसका अनुसरण भाजपा को भी करना चाहिए । यह बात प्रदेश इंटक मीडिया सेल प्रभारी राजेंद्र चौधरी ने यहां जारी एक बयान में कही। उन्होंने कहा कि विपक्ष को सुख की सरकार के कुशल कार्य में भी नुक्ताचीनी करनी आती है परंतु यह नहीं दिखता की सुख की सरकार के मुखिया ने किस तरह अपनी निजी बचत से आपदा राहत कोष में 51 लाख रुपए की धनराशि दान दी है जो कि अपने आप मे इतिहास व मिसाल है। इसके लिए बड़ा दिल व इच्छाशक्ति चाहिए इसका अनुसरण करने की बजाय भाजपा के कुछ लोग मुख्यमंत्री की शान में अनाप शनाप बयान बाजी कर रहे हैं जो की निंदनीय है व भाजपाइयों की कुंठा को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि आपदा कोष में बढ़-चढकर भारतीय जनता पार्टी के लोगों को भी दान देना चाहिए ताकि प्रदेश की अर्थव्यवस्था और अधिक सुदृड़ हो । उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री सुक्खु जमीन से जुड़े नेता हैं जिसका जीता जागता उदाहरण उनके कुल्लू दौरे के दौरान भी देखने को मिला जब वह बाढ़ प्रभावितों के साथ ही जमीन पर बैठकर भोजन ग्रहण करने लगे। सुख की सरकार को सुखी सरकार कहने वाले कुल्लू के कुछ भाजपा नेता सत्ता खो देने से ऐसे क्षुब्ध हैं कि जैसे सावन के अंधे को हरा नजर आता है उन्हें भी सता खो देने के बाद हर चीज में शुखा ही नजर आ रहा है। उन्होंने भाजपाइयों को सलाह दी है कि सच्चाई का सामना करें और सच्चाई यह है कि प्रदेश की जनता उन्हें नकार चुकी है। प्रदेश मे भाजपा के लिए राजनीतिक सूखा पड़ चुका है जिसपर सुख की सरकार भारी पड़ रही है।



**तंज कसा**

**8 भाजपाई सच्चाई का सामना करें और सच्चाई यह है कि प्रदेश की जनता उन्हें नकार चुकी है: राजेंद्र**

## हलेड़ा बिलना में युवक के साथ हुई मारपीट, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। थाना हरोली** के तहत हलेड़ा बिलना में एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया हैं। मारपीट में घायल युवक को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहीं पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत के आधार पर चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक दविंद्र सिंह निवासी हलेड़ा बिलना ने बताया कि शनिवार देर रात्रि घर को जाते समय रोहित, शाम लाल, शानू व शेखू निवासी हलेहड़ा बिलना ने रास्ता रोक गाली गलोच करने लग गए। इतना ही नहीं चारों युवकों ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकियां भी दी। मारपीट में दविंद्र को गंभीर चोटें आई हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वेच्छा से मदद में निहित होता है स्वयं तथा समस्त समाज का भला: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**प्रदेश में** आपदा की इस घड़ी में सभी क्षेत्रों के लोगों ने आपदा पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू तथा उनके परिवार ने इस उद्देश्य के लिए अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री ने अपनी निजी जमापूंजी से 51 लाख रुपये की राशि आपदा राहत कोष-2023 में दान दी है। उनकी 88 वर्षीय माता संसार देवी ने भी 50 हजार रुपये का अंशदान कर अपनी उदारता का परिचय दिया है।मुख्यमंत्री ने हाल ही में एक चर्चा के दौरान कहा कि स्कूल और कॉलेज के दिनों से ही जरूरतमंदों की मदद तथा दान उनके व्यक्तित्व का अभिन्न अंग रहा है। जब इस आपदा के दौरान छोटे बच्चों को अपने गुल्लक तोड़ कर प्रभावितों के लिए अंशदान देते हुए देखा तो उनमें भी अपनी क्षमता के अनुरूप इसमें सहयोग करने का भाव जगाए क्योंकि दूसरों की मदद से हमें आत्मिक संतुष्टि प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि स्वेच्छा से किसी की मदद करना मनुष्य का जन्मजात गुण है और किसी का भला चाहने अथवा करने से स्वयं का तथा समस्त समाज का भी भला होता है। प्रदेश की समस्त जनता मेरा बड़ा परिवार है। उन्हें संकट की इस घड़ी में मदद की आवश्यकता है और ऐसे में आगे बढ़ कर सभी की सहायता करना हमारा कत्र्तव्य है। उन्होंने कोविड.19 महामारी के दौरान दिए गए योगदान का स्मरण करने पर कहा कि यह कार्य बिना किसी श्रेय के केवलमात्र मानवता की सहायता के लिए किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बनने से पहले एक विधायक के रूप में भी ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कोरोना महामारी से निपटने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने अपने एक वर्ष के वेतन के अलावा अपनी सावधि जमा एफ डी में से 11 लाख रुपये का अंशदान किया था।इस बरसात के दौरान प्रदेश में जान व माल का भारी नुकसान हुआ है। इस दौरान 441 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा सार्वजनिक व निजी सम्पति को 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। लोगों की आजीविका, मूलभूत अधोसंरचना तथा पर्यटन गतिविधियों पर इस आपदा का भारी प्रभाव पड़ा है। इसके बावजूद इस दौरान प्रदेश के लोगों ने एकजुटता और साहस का परिचय दिया है, जो सराहनीय है। इस मुश्किल घड़ी में मुख्यमंत्री के नेतृत्व ने भी दृढ़ता और करुणा की मिसाल पेश की है, जिसकी सराहना विश्व बैंक, नीति आयोग जैसे संस्थानों सहित पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने भी की है। इसके अतिरिक्त यह देश में सम्भवत: पहला उदाहरण है कि जब किसी मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकाल में अपनी तथा अपने परिवार की संचित जमापूंजी जरूरतमंदों की सहायता के लिए दान की हो।

### नाहन के अनन्य गर्ग ने सांकेतिक भाषा प्रतियोगिता में देश मे पाया दूसरा स्थान



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। नाहन निवासी** देहरादून के विख्यात बजाज स्कूल ऑफ लर्निंग के होनहार छात्र अनन्य गर्ग ने हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 6 राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा प्रतियोगिता के तहत निबंध लेखन प्रतिस्पर्धा में देश भर दूसरा स्थान अर्जित किया है। अनन्य गर्ग के पिता शहर के बडा चौक बाजार स्थित व्यापारी मुनीष गर्ग ने बताया कि देहरादून के बजाज स्कूल ऑफ लर्निंग में शिक्षारत उनके बेटे अनन्य गर्ग ने उक्त प्रतियोगिता में देश में दूसरा प्राप्त किया है। बीते दिन दिल्ली में सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित एक भव्य आयोजन में प्रतिमा भौमिक राज्य मंत्री भारत सरकार मंत्री को उपस्थिति में यह सम्मान अनन्य गर्ग के माता-पिता ने ग्रहण कि या। गर्ग की इस उपलब्धि से स्कुल के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश व नाहन शहर का गौरव बढा है।

### सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ विधानसभा घेराव करेगी भाजपा: सुरेंद्र शौरी



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी। बंजार विधानसभा** क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों, प्रदेश में भ्रष्टाचार, अराजकता, बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी 25 सितंबर को शिमला के चौड़ा मैदान में एक धरना का आयोजन करेगी तथा हिमाचल प्रदेश विधानसभा का जोरदार घेराव करेगी। सुरेंद्र शौरी ने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस सरकार आयी है तब से भ्रष्टाचार में वृद्धि हुई है, कानून व्यवस्था चरमरा गई है, बेरोजगारी में लगातार बढ़ोतरी हो रही है साथ ही सरकार हाल ही में आयी आपदा के बाद बनी स्थिति को नियंत्रित करने में भी पूरी तरह से विफ ल रही है। विधायक शौरी ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार हिमाचल प्रदेश की जनता से झूठ बोलकर सत्ता में आयी है। आज हिमाचल प्रदेश की जनता कांग्रेस द्वारा चुनाव के दौरान दी गई गारंटियों के पूरी होने का इंतजार कर रही है। विधायक शौरी ने बताया कि बंजार विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ता सोमवार को शिमला जाएंगे और जोरदार तरीके.से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में विधानसभा का घेराव कर अपने मुद्दों को उठाएंगे।

### थ्रो बॉल एसोसिएशन की सब जूनियन खंड स्तरीय प्रतियोगिता शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। थ्रो बॉल** एसोसिएशन द्वारा रविवार को बंगाणा में सब जूनियर खंड स्तरीय प्रतियोगिता का शुभांरभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्यतिथि प्रवक्ता विजय कुमार ने किया। उन्होंने खिलाडि?ों को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में उपयोगी है। विजय कुमार ने कहा कि युवाशक्ति देश की बहुमूल्य पूंजी है। देश के विकास के लिए यहां वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव का विशेष महत्व है, तो वहीं युवाओं की ऊर्जा, कुछ कर गुजरने के जज्बे और ज्ञान का भी एक समान महत्व है। उन्होंने कहा कि देश को युवाशक्ति को सही दिशा व मार्गदर्शन प्रदान करना परिवार और समाज दोनों का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे नशों जैसी बुराई से दूर रहें और खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि हमारी टीमें आने वाले समय में बेहतर प्रदर्शन करके इस प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त करने का करेंगी। इस अवसर पर राकेश राणा, सतीश कुमार, यशवीर, अर्पण शर्मा, दीपक, प्रशांत, सागर व अजय सहित अन्य उपस्थित रहे।



राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक रवि ठाकुर और डॉ. जनक राज ने आज राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी।

## स्वच्छता को लेकर टाहलीवाल में निकाली रैली



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/ राजन पुरी**

**नगर पंचायत टाहलीवाल** में भारत स्वच्छता पर रैली निकाली गई। नपं कार्यालय से मेन बजार तक निकाली गई रैली में स्कूली बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यकारी अधिकारी वर्षा चौधरी ने बताया कि नगर पंचायत टाहलीवाल में 2 अक्तूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अशोक कुमार, राधा कुमारी, स्कूल अध्यापक कुलदीप सिंह, सुनील कुमार, सदना देवी, सतवंत कौर, प्रकाश चंद, गुरनाम सिंह, सुषमा कुमारी, पूनम, सुषमा देवी, राज कुमारी, राज कुमार, सुमन लता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## लठियाणी में युवा मंडल ने लगाए 195 पौधे

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**अंबेडकर युवा** मंडल लठियाणी ने रविवार को दो दिवसीय पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। युवा मंडल के सदस्यों व सहायक अभियोजन अधिकारी देवधार ठाकुर ने स्वास्थ्य केंद्र के आस पास 195 आयुर्वेदिक पौधे लगाए। स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी ने क्लब के इस काम की सराहना की है। इस मौके पर युवा मंडल के प्रधान नीरज बंगा, लेखराज कलसी, सुरेश शर्मा, रोहित संधु, दीपक कलसी, कृष भरद्वाज, प्रिंस बंगा, रवि हीरा, निखिल, विशाल बंगा, राजीव, अक्षय पडियार, सुशील कलसी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मणीमहेश यात्रा: इस वर्ष तीन लाख श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**उत्तर भारत** के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मणिमहेश डल झील पर इस वर्ष अढ़ाई से तीन लाख के करीब श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है। इसी के साथ 17 दिन तक आधिकारिक तौर पर चली मणिमहेश यात्रा का भी समापन हो गया है। हालांकि मणिमहेश यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर 27 सितंबर तक अधिकारी और कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे, जबकि स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा शिविरों को भी शनिवार को समेट लिया गया है। कुल-मिलाकर इस वर्ष हिमाचल प्रदेश में आई आपदा और मणिमहेश यात्रा के बीच में ही भारी बारिश का असर यहां देखने को मिला है और बीते वर्षों की अपेक्षा में इस बार मौसम के मिजाज के चलते तथा प्रदेश की प्राकृतिक आपदा की स्थिति को देखते हुए श्रद्धालुओं का आंकडा भी कम ही दर्ज किया गया है। गौर तलब है कि उत्तर भारत की प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा का सात सितंबर को आधिकारिक तौर पर आगाज हुआ था, जबकि मणिमहेश यात्रा की हेलि टेक्सी सेवा तीन सितंबर से ही आरंभ होने के चलते यात्रियों का उस दौरान भी जाने का सिलसिला आरंभ हो गया था। जन्माष्टमी के छोटे न्हौण के दौरान पवित्र डल झील में एक साथ हजारों की संख्या में शिवभक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई थी। मणिमहेश यात्रा में राधाष्टमी का शाही स्नान शुक्रवार दोपहर बाद एक बजकर 36 मिनट पर आरंभ हुआ था और यह शनिवार दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक चला। लिहाजा 23 घंटों और 18 मिनट तक चले शाही स्नान के दौरान हजारों यात्रियों ने डल में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य कमाया है। बहरहाल, राधाष्टमी के शाही न्हौण के शुभ मुहूर्त की समयावधि समाप्त होने के साथ ही मणिमहेश यात्रा का भी अधिकारिक तौर पर समापन हो गया है तथा श्रद्धालुओं का अपने घरों की ओर वापस जाने का क्रम भी शुरू हो चुका है। चंबा का ऐतिहासिक चौहान इन दिनो श्रद्धालुओं से भरा पड़ा है तथा हर तरफ बम बम भोले तथा हर हर महादेव के नारे गूंज रहे हैं तथा चौगान पूरी तरह से भक्ति में हो गया है।



**आस्था**

**8 मणिमहेश यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर 27 सितंबर तक अधिकारी और कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे**

## दोपहर को स्कूली बच्चों के लिए बनने वाले भोजन पर संकट

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**राजकीय प्राथमिक** शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने कहा है कि पिछले 5 माह से राशि न मिलने से प्रदेश की पाठाशालाओं में दोपहर का बनने वाला भोजन अब मुशिकल हो रह है। राशन का लेकर दुकानों की देनदारी कई जगह लाखों में हो गई है और दुकानदारों ने राशन उधार में देना बंद कर दिया है। साथ ही चार-पांच महीनो से पाचकों को वेतन नहीं मिल रहा है, जिस कारण पाचकों को अपने घर का खर्चा चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने सरकार द्वारा पाचकों का वेतन 3500 से बढकर 4000 रुपए करने के लिए आभार प्रकट किया है, लेकिन यदि यह राशि पाचकों को समय पर नहीं मिलेगी, तो वह अपना गुजर बसर कैसे करेंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि संघ ने कई बार प्रारंभिक शिक्षा निदेशक घनश्याम चंद से मध्यान भोजन की राशि तत्काल प्रभाव से जारी की स्पष्ट बात की थी और उन्होंने शीघ्र ही इस समस्या का निराकरण करने के निर्देश अपने अधिकारियों को दिए थे, लेकिन फिर भी अभी तक एमडीएम की राशि और पाचकों का वेतन जारी न करना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अगर दोपहर का भोजन बंद होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेवारी सरकार और विभाग की होगी।

## छुट्टी वाले दिन मां चिंतपूर्णी मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**उत्तर भारत** के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां चिंतपूर्णी मंदिर में रविवार को आस्था का सैलाब देखने को मिला। दूर दराज राज्यों से मां के भक्त माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर प्रशासन ने मंदिर के कपाट रविवार को तडके ही खोल दिए थे। कपाट खुलने के साथ ही माता रानी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगनीं शुरू हो गईं। रात आठ बजे तक करीब 18,000 श्रद्धालु माता के दरबार में अपनी हाजिरी लगा चुके थे। साप्ताहिक अवकाश के चलते श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। दोपहर तक श्रद्धालु डबल लाईन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। मौसम सुहावना होने के चलते श्रद्धालुओं को ज्यादा परेशानी पेश नहीं आई, लेकिन मां के दीदार के लिए डेढ़ से दो घंटे तक इंतजार करना पड़ा। मंदिर रोड पर भीड़ के चलते वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहा। विभिन्न रास्तों से श्रद्धालुओं का लाइन में घुसना दिनभर जारी रहा, जिस कारण श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि मंदिर प्रशासन ने हाल ही में कुछ महीने पहले श्रद्धालुओं को सुविधा को देखते हुए लिफ्ट से मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन पर्ची की सुविधा उपलब्ध करवा दी है। इसके बाद भी श्रद्धालुओं का खासा उत्साह दिखा। सुगम दर्शन पर्ची के माध्यम से भी काफी श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए।



**श्रद्धालुओं को दी जा रही हर सुविधा**

चिंतपूर्णी मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल ने बताया कि छुट्टी होने के चलते सुबह से ही मंदिर में भीड़ रही। उन्होंने कहा कि मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं को हर सुविधा दी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न आए। उन्होंने बताया कि सुगम दर्शन पर्ची में भी श्रद्धालु खासी रूचि दिखा रहे हैं।

## धमांदरी में जिला स्तरीय अंडर-14 गर्ल्ज प्रतियोगिता शुरू

### कुटलैहड़ विधायक देवेंद्र भुट्टो ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/ राजन पुरी**

**राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक पाठशाला धमांदरी में जिला स्तरीय अंडर-14 गर्ल्ज चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता रविवार को शुरू हुई। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र भुट्टो ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल परिसर में झंडा रस्म अदा करने पर स्कूली छात्रों द्वारा मार्च पास्ट की सलामी दी। वहीं स्कूल प्रिंसिपल एवं स्टाफ में मुख्यतिथि को शाल टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। चार दिवसीय खेलों में जिला भर के 431 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें वालीबॉल, कबड्डी, बास्टकबाल, खो-खो, बैडमिंटन आदि के मुकाबले होंगे। विधायक भुट्टो ने कहा कि आज बेटी दिवस पर जिला स्तरीय बेटियों की खेल प्रतियोगता का शुभारंभ करना मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है। उन्होंने सभी खिलाडि?ों को खेल की भावना से खेलना ओर शुभकामनाएं भी दी।

भुटटो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में हमने दस माह के कार्यकाल में ओर ज्यादा मजबूती देने का काम किया है। दस माह में हमने शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी अध्यापक को डिस्टर्ब नहीं किया है, बल्कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र के जो अध्यापक बाहरी जिलों में थे। हमने उन्हें कुटलैहड विस क्षेत्र में ज्वाइन करवाया है। उन्होंने कहा कि दस माह में हमने कुटलैहड़ के हर स्कूल में जाकर उनकी समस्याओं को देखा है और हमने यह भी ठान लिया है कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर सरकारी स्कूल के पास अपना खेल मैदान होगा। भुटटो ने 2.50 लाख कबड्डी मैट के लिए व संस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 2100 एवं खेल प्रतियोगता के लिए 11 हजार रुपये देने की घोषणा की।

इस मौके पर मौके राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश संयोजक सुरिंदर ठाकुर, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, पूर्व विधायक गणेश दत्त भरवाल, डिप्टी डायरेक्टर दविंदर चंदेल, स्कूल प्रिंसीपल नवीन गुप्ता, सुमित शर्मा, शोभित गौतम, सुनीता, जसपाल सिंह, जीत भुल्लर सहित अन्य उपस्थित रहे।



## 'पूर्व सरकार में पशु पालन विभाग द्वारा बकरियां आबंटन में हुई धांधली'

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**कुटलैहड़ के** विधयक देवेंद्र भुटटो ने विधानसभा के मॉनसून सत्र में पूर्व भाजपा सरकार के समय हुए कुछ कार्यो की जांच की मांग उठाई। भुटटो ने प्रश्न काल पर विधानसभा में बोलते हुए कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय पशु पालन विभाग के सौजन्य कुछ लोगो से पैसे लेकर उन्हें बकरियां दी थी। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि कुटलैहड़ के गरीब किसानों को 300 बकरियां आबंटित की थी, वह तो मरी ही, लेकिन जो किसानों की घर की पालतू बकरियां थी, वह भी मर गई। किसानों की मरी बकरियों का आंकड़ा 800 पार कर गया। पशु पालन विभाग में मरी हुई बकरियों के नुक्सान की भरपाई करने की घोषणा की थी, लेकिन आज तक कुटलैहड़ विस क्षेत्र के किसानों को मुआवजा नहीं मिली। उन्होंने कहा कि पशु पालन विभाग द्वारा बकरियां आबंटन में धांधली हुई है। भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में चेहतों के शेड निर्माण के लिए 4 लाख रुपये पशु पालन विभाग बंगाणा ने खाते में डाल दिए, लेकिन यह जाकर नहीं देखा कि उनके ओर सरकार के चेहते शेड भी बना रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार और पूर्व मेत्री के इशारे पर करीब 11 चेहतों को 4 लाख के हिसाब से 44 लाख रुपये खाते में डाला गया और आज तक धरातल पर कोई शेड निर्माण नहीं हुआ है। इस भ्रष्टाचार की जांच होनी चाहिए। भुटटो ने कहा कि ऐसे ही मुर्गी पालन के लिए पशु पालन विभाग ने चेहतों को लाखों का धन दिया। इसकी भी पुख्ता से जांच होनी चाहिए।

# राजस्व कर्मचारियों के लिए बनें कार्यप्रणाली संशोधन कानून

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**प्रदेश संयुक्त** पटवारी कानूनगो महासंघ ने राजस्व कर्मचारियों के लिए कार्यप्रणाली संशोधन विधेयक बनाने को आवाज बुलंद की है। महासंघ का प्रतिनिधिमंडल गगरेट के विधायक चैतन्य शर्मा व चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू की अगुवाई में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी से मिला। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व कर्मचारियों के लिए जो भू-राजस्व संशोधन विधेयक लाया जा रहा है उसका महासंघ समर्थन करता है, लेकिन पटवारी कानूनगो के सैंकड़ों पद खाली होने से विधेयक के तहत



कार्य को निपटाना नामुमकिन है। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश चौधरी ने कहा कि प्रदेशभर में पटवारी क 25 प्रतिशत जबक कानूनगो के 60 प्रतिशत पद खाली चल रहे हैं, जिससे भू-राजस्व संशोधन विधेयक के तहत निशानदेही व तक्सीम करने की तय की गई समयसीमा में कार्य निपटाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लाए जा रहे भू-राजस्व संशोधन विधेयक का महासंघ स्वागत करता है, जिससे लोगों के कार्यों को जल्द अमलीजामा पहनाया जा सकेगा, लेकिन पटवारी व कानूनगो के सैंकड़ों पद खाली होने से कर्मचारियों को सौंपे गए अतिरिक्त कार्यभार का कार्य भी निपटाना होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लाए जा रहे भू-राजस्व संशोधन विधेयक का स्वागत करता है, लेकिन सरकार से आग्रह है कि आम लोगों के निशानदेही व तक्सीम के कार्य फि ल्ड कानूनगो को करने के लिए फि ल्ड कानूनगो के लिए सीमा तय करने बारे भी कानून बनाया जाना चाहिए कि कानूनगो एक दिन व एक महीने में निशानदेही व तक्सीम के कितने मामले निपटाएगा। उन्होंने कहा कि एक महीने में निशानदेही व तक्सीम के 10 से 12 मामले निपटाए जाते हैं, लेकिन फि ल्ड कानूनगो के पास हर महीने करीब 40 से 50 प्रार्थना पत्र आते हैं।

**6 महीने से कम का मिलता है काम करने का समय**

महासंघ का कहना है कि वर्षा व फ सल के समय निशानदेही व तक्सीम के कार्य नहीं हो पाते हैं, जिसके चलते फि ल्ड में कार्य करने के लिए एक वर्ष में 6 महीने से भी कम का समय मिल पाता है। इसके अलावा पटवारी को अपने अभिलेख को तैयार करने व लोगों के जमीनी कार्यों को निपटाने के अलावा स्वामित्व, पीएम किसान, शिकायत पत्र, विभिन्न प्रमाण पत्र, बीएलओ व केसीसी के मामलों सहित 3 से 4 दिन विभिन्न न्यायालयों व अन्य कार्य में लगते हैं। ऐसे में पटवारी व कानूनगो में एक दिन में क्या कार्य कर सकता है।

## लाहुल-स्पीति से जुड़ी समस्याओं को लेकर विधायक रवि ठाकुर ने की राज्यपाल से मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/ केलांग/ अंगारिया**

**लाहुल-स्पीति** के विधायक रवि ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला से मुलाकात कर लाहुल स्पीति से जुड़ी समस्याओं को उनके समक्ष रखा। इस दौरान उनके साथ जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक डा. जनक राज भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। रविवार सुबह हुई राज्यपाल से मुलाकात के दौरान विधायक रवि ठाकुर ने राज्यपाल को थांका पेंटिंग भी भेंट की, वहीं लाहुल स्पीति की परंपरा के अनुसार उनका मान सम्मान किया। इस दौरान विधायक रवि ठाकुर ने महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला को लाहुल स्पीति आने का न्यौता भी दिया। उन्होंने राज्यपाल से मांग की कि जनजातीय क्षेत्रों में नौ तोड़ भूमि को जल्द बहाल किया जाए, ताकि इस क्षेत्र में रह रहे लोगों को उनका हक दिया जा सके।



विधायक रवि ठाकुर ने राज्यपाल को जहां लाहुल स्पीति की भोगौलिक परिस्थितियों से अवगत करवाया, वहीं उन्होंने जनजातीय क्षेत्र को दिए जाने वाले बजट में भी बढ़ोतरी करने की मांग उन्होंने राज्यपाल महोदय से की। तिब्बत सीमा के साथ लगने वाले लाहुल स्पीति में मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी उचित कदम उठाया जाना चाहिए। महामहिम राज्यपाल ने उन्हें आश्वासन दिया है कि उनके द्वारा की गई मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही लाहुल स्पीति का दौरा करेंगे।

## हिमाचल ग्रामीण बैंक ने केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के साथ जीवन बीमा की पेशकश के लिए समझौता किया



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने हिमाचल प्रदेश में हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक के व्यापक शाखा नेटवर्क के माध्यम से जीवन बीमा उत्पादों की एक श्रृंखला की पेशकश करने के लिए हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक एचपीजीबी के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। यह सहयोग एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो एचपीजीबी के ग्राहकों के लिए कंपनी के बीमा समाधान लाएगा। एचपीजीबी छठा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक है जिसे कंपनी के वितरण नेटवर्क में जोड़ा गया है।रणनीतिक गठबंधन बैंक के ग्राहकों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस की जीवन बीमा पेशकशों की एक विस्तृत श्रृंखला में से चुनने के लिए सशक्त बनाएगा। राज्य में एचपीजीबी की 274 शाखाओं की मजबूत उपस्थिति का लाभ उठाते हुए यह केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस को बैंक के 13.5 लाख से अधिक ग्राहकों को अपने उत्पाद उपलब्ध कराने में सक्षम बनाएगा।इस नए गठजोड़ के साथ केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस राज्य में अपनी वितरण पहुंच को और बढ़ाने और राज्य के विभिन्न जिलों में एचपीजीबी ग्राहकों तक पहुंचने के लिए तैयार है।यह हिमाचल प्रदेश के भीतर वितरण गठजोड़ के लिए अन्य अवसर भी तलाश रहा है। ऋषि माथुर, चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफि सर आल्टर नेट चैनल और चीफ स्ट्रेटेजी ऑफि सर, केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने कहा कि हम हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं जो बैंकिंग क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम है और इसकी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में ग्राहकों की सेवा करने की परंपरा है।यह साझेदारी हमें अपने बीमा समाधानों को बड़े ग्राहक आधार तक विस्तारित करने की अनुमति देगी जो हमारे ग्राहकों के सपनों और आकांक्षाओं की रक्षा के हमारे मिशन के अनुरूप है।

## 30 तक ई-केवाईसी करवाएं सभी राशन कार्डधारक: हेमराज बैरवा

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**उपायुक्त हेमराज** बैरवा ने जिला के सभी छूटे हुए राशन कार्डधारकों से 30 सितंबर तक ई-केवाईसी करवाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देशों के अनुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के डाटा को आधार के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक राशनकार्ड लाभार्थी को 30 सितंबर 2023 तक अपनी ई-केवाईसी करवानी होगी। उपायुक्त ने बताया कि जिला के सभी राशनकार्ड लाभार्थियों की ई.केवाईसी करवाने के लिए



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने विशेष अभियान चलाया था और जिला के अधिकतर राशन कार्डधारकों की ई-केवाईसी हो चुकी है। लेकिन, अभी भी कई उपभोक्ताओं ने अपनी ई-केवाईसी नहीं करवाई है। हेमराज बैरवा ने बताया कि शेष बचे लाभार्थियों में मुख्यतः 5 से 15 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चे और वृद्ध लाभार्थी हैं। दरअसल, इनके आधार बायोमैट्रिक्स अपडेट नहीं हो पाए थे। इन्हें अपने आधार बायोमैट्रिक्स एवं आधार कार्ड अपडेट करवाने का पर्याप्त समय दिया गया था। इसके बावजूद जिन लाभार्थियों ने अपना आधार अपडेट नहीं करवाया है, वे तुरंत नजदीकी आधार सेंटर में जाकर इसकी अपडेशन करवाएं और उसके बाद स्थानीय उचित मूल्य की दुकान में अपनी ई-केवाईसी भी करवाएं।

## नगर निकाय कर्मचारियों को दिया जाए पुरानी पेंशन का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

हिमाचल प्रदेश शहरी स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ नगर निगम मंडी इकाई के उपाध्यक्ष हरीश कुमार शर्मा द्वारा बयान जारी करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मांग की है कि हिमाचल प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर परिषदों एवं नगर पंचायत के स्थानीय निकाय के कर्मचारियों को भी शीघ्र अति शिखर पुरानी पेंशन व्यवस्था का लाभ दिया जाए। विभिन्न विभागों में पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू हुई लगभग 6 महा हो चुके हैं परंतु यह व्यवस्था स्थानीय निकायों में अभी तक लागू नहीं हुई है । सूबे के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सूक्खू से आग्रह है कि इस मसले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए हस्तक्षेप किया जाए एवं सर्विस कमेटी की शीघ्र अति शीघ्र बैठक करके शहरी विकास विभाग के सभी शहरी स्थानीय निकायों के कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की जाए। इन कर्मचारियों में भारी रोष की ज्वाला धडक रही है एवं यह कर्मचारी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं इन कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करके की जाए ताकि इन हजारों कर्मचारियों के घरों में भी दिवाली जैसा माहौल हो सके।

## रामपुर परियोजना द्वारा स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/रामपुर बुशहर/लिहांटू। विद्युत** मंत्रालय व निगमित कार्यालय के निदेर्शानुसार रामपुर एचपीएस द्वारा 20 सितम्बर से 02 अक्तूबर 2023 तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। परियोजना प्रमुख, ई. विकास मारवाह द्वारा अधिकारियों तथा कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर 20 सितम्बर, 23 से स्वच्छता पखवाड़े का शुभारम्भ किया। इस दौरान रामपुर एचपीएस द्वारा सार्वजनिक स्थानों में पोस्टर स्थापित कर भारत को कचरा मुक्त बनाने हेतु लोगों को अपनी भूमिका निभाने की अपील की।

## ऊना शहर के अलग-अलग जगह से दो बाइकें चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**जिला ऊना में** बाइक चोरों का गिरोह सक्रिय हो गया है। जिला में लगातार बाइक व स्कूटी चोरी के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला ऊना शहर का है, जहां पर अलग-अलग जगह से दो बाइकें चोरी होने की पुलिस के पास शिकायत मिली है। पुलिस ने दोनों शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला पुराना बस स्टैंड के समीप हमीरपुर रोड़ का है, जहां से एक बाइक चोरी हुई है। पुलिस को दी शिकायत में विशाल निवासी खड्ड ने बताया कि शनिवार सुबह उसने अपनी बाईक को हमीरपुर रोड़ ऊना पर पार्क की थी। थोड़ी देर बाद जब बाईक लेने मौके पर पहुंचा, तो बाईक नहीं थी। इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई हैं। वहीं दूसरा मामला क्षेत्रीय अस्पताल ऊना का है, जहां से बाइक चोरी हुई है। पुलिस को दी शिकायत में अशोक कुमार निवासी नंगल ने बताया कि 30 अगस्त को बाइक पर सवार होकर अपने बेटे विशाल सैणी के साथ सरकारी अस्पताल ऊना आया था। मैने अस्पताल के बाहर अपना मोटर साइकल खडा कर दिया था। कुछ समय बाद वापिस आए, तो हमारा मोटर साइकल वहां पर नहीं था। आज दिन तक काफी तलाश के बाद भी बाइक के बारे में कोई पता नहीं चला। ऐसे में अशोक कुमार ने पुलिस के पास बाइक चोरी की शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस अधीक्षक ऊना अर्जित सेन ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

## बिना पैसे स्कूलों में कैसे बनेगा मिड डे मील

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री।**

**प्रदेश** के स्कूलों को बीते 5 महीने से मिड डे मील का पैसा नहीं मिल पाया है, जिसके अब स्कूलों में दोपहर का भोहन बनाने को लेकर संकट पैदा हो गया है। अब तो दुकानदार भी राशन देने में साफ इनकार रहे हैं। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश शर्मा, महासचिव संजय पीसी, मुख्य संरक्षक राम सिंह राव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रताप ठाकुर, कोषाध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा, उपाध्यक्ष नारायण शर्मा, सह सचिव राकेश पटियाल, महिला विंग की अध्यक्षा अनुराधा मोहिल, विशेष आमंत्रित सदस्य प्रेम ठाकुर सहित प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों ने कहा है कि प्रदेश के स्कूलों में नौनिहालों को दिए जाने वाला मध्याहन भोजन बनाना अब मुश्किल हो रहा है क्योंकि एमडीएम बनाने के लिए दिए जाने वाली राशि पिछले 5 महीने से नहीं मिली है।

## प्रभात फेरियों तथा पर्यावरण एवं विकास मित्र साइकिल रैलियों के माध्यम से सुपोषण का दिया संदेश



**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमारी सभ्यता एवं** संस्कृति में प्रभात फेरी का महत्वपूर्ण सांकेतिक महत्व है। प्रभात वेला में ईश्वर से प्रार्थना पूर्वक संपूर्ण जगत के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए अपने आसपास के लोगों को नींद एवं आलस्य से जगाकर उन्हें मानव हित के कार्यों में संलग्न होने के लिए प्रेरित करना ही प्रभात फेरी का उद्देश्य रहता है। इसी प्रकार साइकिल प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ मित्रतापूर्वक संबंध रखते हुए मनुष्य के भौतिक एवं मानसिक विकास की द्योतक है। हमारी समृद्ध संस्कृति एवं प्रकृति के साथ मनुष्य के सौहार्दपूर्ण सह-संबंध के ये प्रतीक आज भी व्यक्तिगत, सामाजिक, सामुदायिक एवं राष्ट्र जीवन में व्याप्त अनेक आलस्यों को तोडकर उनमें नवचेतना जागृत करने में सार्थक हैं। उक्त बात बाल विकास परियोजना अधिकारी सुजानपुर कुलदीप सिंह चौहान ने सुजानपुर में सुपोषण पर साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाते हुए तथा परियोजना क्षेत्र के भिन्न-भिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रभात रैली में सम्मिलित होते हुए कही। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों के माध्यम से जनमानस में मानवीय, आत्मीय एवं विकासात्मक भावों को जागृत कर उनमें पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और व्यवहार परिवर्तन का प्रयास किया जा रहा है। हमारी समृद्ध संस्कृति एवं विकास यात्रा के ये प्रतीक आज भी हमें प्रेरित करते हैं जिसका अनुमान इन कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की संख्या एवं उनके उत्साह से सहज ही लगाया जा सकता है।चौहान ने बताया कि 1 सितंबर से 30 सितंबर तक चलने वाले पोषण माह के दौरान बाल विकास परियोजना सुजानपुर द्वारा पोषण कार्यक्रमों की एक बृहद श्रृंखला तैयार की गई है।

## दिहाड़ीदार नहीं उद्यमी बन करें पत्तल बनाने का काम

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**ग्राम पंचायत रोपापधर के** भटवाड़ वार्ड में जायका प्रोजैक्ट के तहत गठित नैना स्वयं सहायता समूह की बैठक हुई, जिसमें प्रोजैक्ट सपोर्ट कोऑर्डिनेटर रिटार्यड डीफ एओ वीपी पठानिया ने की। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से आग्रह कि वे पत्तल बनाने का काम एक दिहाड़ीदार के रुप में न कर एक उद्यमी के रुप में करें ताकि आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाया जा सके। वीपी पठानिया ने कहा कि आज के



समय में टौर के पत्ते की बहुत मांग हैए जिसको लेकर जायका प्रोजैक्ट द्वारा महिलाओं की आ?थकी को सुदृढ़ करने के लिए पत्तल बनाने का कार्य शुरू किया गया है, जिसके लिए स्वयं सहायता समूह को लाखों रुपये की मशीन मुहैया करवाई गई है। इस दौरान उन्होंने समूह की महिलाओं को पेश आ रही दिक्कतों को सुना और उनका समाधान भी किया। इस मौके पर मार्केटिंग अधिकारी अंकुर सरस्वती, बीओ कमल किशोर, वनरक्षक चिराग, एफ टीयू समन्वयक सुमित बरवाल, नैना स्वयं सहायता समूह की प्रधान सुषमा देवी, सचिव कृष्णा सकलानी, शांति, ललिता देवी, सहित आदि मौजूद रही।

## इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के पीयूष और रिदम बने मिस्टर व मिस फ्रैशर

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**बंदला धार की** खूबसूरती को और बढ़ा रहे राजकीय हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज ने नवातुंक छात्र-छात्राओं के स्वागत और अभिनंदन के लिए प्रारंभ कार्यक्रम शीर्षक के तहत फ्रे शर कम टैलेंट हंट का आयोजन बड़े हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर बच्चों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर पर पीयूष राणा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग को मिस्टर फ्रे शर का ताज पहनाया गया, रिदम सैनी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग को मिस फ्रे शर का ताज पहनाया गया। इसके अतिरिक्त, मिस्टर पर्सनैलिटी का पुरस्कार आशीष कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग को दिया गया और मिस पर्सनैलिटी का पुरस्कार पुलकिता कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग को प्रदान किया गया। इसके अलावा, मिस्टर एंटरटेनर का खिताब अखिलेश चोपड़ा सिविल इंजीनियरिंग को दिया गया और मिस एंटरटेनर का खिताब वंशिका राव कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग ने जीता था।

## 5 ग्राम चिट्टा सहित चैलचौक निवासी सहित पांच तस्कर दबोचे

**टीम एक्शन इंडिया/ गोहर/ सुभाग सचदेवा**

**चिटटा तस्करों ने** अब हिमाचल की शांतप्रिय वादियों में भी दस्तक देने शुरू कर दी है। मगर गोहर पुलिस की मुस्तैदी के चलते आज नाचन विधानसभा क्षेत्र के चैल चौक में एक स्थानीय निवासी सहित 5 ग्राम चिटटा के साथ पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया है। गौरतलब है आजकल जिला स्तरीय मेला नलवाड़ ख्योड़ चल रहा है। ऐसे में नशे के सौदागर अपना धंधा चमकाने की फि राक में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेला के दौरान चैलचौक में पुलिस ने यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए गश्त लगाई हुई है।

ऐसे में एक गाड़ी चालक ने पुलिस को देखकर कार भागने की कोशिश की पुलिस ने शक के आधार पर जब उसे रोका। तलाशी लेने पर 5 ग्राम च्टिा बरामद हुआ। जिसमें पुलिस ने स्थानीय निवासी देवेंद्र कुमार(36) (लक्की) पुत्र रमेश कुमार भगल्यार चैलचौक, विनय कुमार (27) पुत्र मेहर चंद चोलथरा सरकाघाट, राहुल हलदर (22) पुत्र सुभाष हलदर न्यु अशोक नगर दिल्ली, गौरव यादव (23) पुत्र समय यादव न्यु अशोक नगर दिल्ली, अनुराग पांडे, (26) पुत्र रामेश्वर पांडे न्यु अशोक नगर दिल्ली तीनों दिल्ली निवासी को हिरासत में ले लिया है। डीएसपी हेडक्वार्टर मंडी से घटना की पुष्टि करते हुए बताया गया कि गोहर पुलिस ने 5 ग्राम च्टिा के साथ चैलचौक में 5 नशा तस्करों के खिलाफ अभियोग संख्या 78/2023 एनडी एंड पीएस एक्ट के तहत धारा 21,25,29 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बंगाणा कॉलेज में मनाया एनएसएस स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**राजकीय महाविद्यालय** बंगाणा में रविवार को 54वां एनएसएस स्थापना दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतिंदर शर्मा ने कार्यक्रम में बत्तौर मुख्यातिथि शिरकत की, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह का आगाज किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने की। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता और छात्रों ने एक से बढकर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समूह नृत्य में प्रथम स्थान राजनीति विज्ञान विभाग तथा द्वितीय स्थान,



सविता, एंड ग्रुप ने और तृतीय स्थान सेल्फ फाइनेंस डिपार्टमेंट ने प्राप्त किया। एकल गान में प्रथम स्थान शुभम ने, द्वितीय स्थान प्रीती और तृतीय स्थान कृष्ण गोपाल ने प्राप्त किया। एकल नृत्य में प्रथम स्थान कृति ने, द्वितीय स्थान पमिता ने और तृतीय स्थान पायल सोनी ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निखिल ने, द्वितीय स्थान अंशु ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सविता और कामना ने राधाकृष्णन नृत्य कर दर्शकों को काफी मनोरंजन किया। प्रार्चार्य डॉ. सतिंदर शर्मा ने कहा कि एनएसएस का आदर्श वाक्य मैं नहीं, बल्कि आप है, जो लोकतांत्रिक भावना को दशार्ता है। इसलिए हमें हमेशा अपने से ज्यादा दूसरों की व समाज की भलाई के लिए काम करना चाहिए। अपने जीवन में समाज सेवा करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। कॉलेज उप प्राचार्य डॉ. रेखा शर्मा, एनसीसी केयर टेकर विनोद कुमार, प्रो. अनिल शर्मा, प्रो.कृष्ण चंद, प्रो. संजय शर्मा और प्रो. मुकेश, आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### आप के राज में दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर सुविधाएं मिलेंगी: मनीष

टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।** आम आदमी पार्टी के "परिवार जोड़ो अभियान" के अंतर्गत जिला क्षेत्र के रिवासा गांव के पर्स में सभी ग्राम



वासियों की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर पहुंचे आप पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष यादव एवं उनके साथ पहुंचे पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों का सभी ग्राम वासियों की ओर से फूल माला एवं पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया और गांव के सैकड़ो लोगों ने आम आदमी पार्टी में अपनी आस्था जताई। अपने संबोधन में युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष यादव ने बताया कि जब आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली और पंजाब में लोगों को फ्री बिजली, पानी, उच्च शिक्षा एवं रोजगार आदि की सुविधा दे सकती है तो भाजपा की हरियाणा सरकार ऐसा क्यों नहीं कर सकती। आगे बोलते हुए उन्होंने बताया कि या तो भाजपा सरकार को काम ही नहीं करना आता या फिर भाजपा के नेता जानबूझकर हरियाणा के लोगों को सुविधाओं से वंचित रखना चाहते हैं। अंत में उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आपने अनेक पार्टियों को मौका दिया है लेकिन इसबार जात-पात एवं भाई भतीजावाद को छोड़कर एक मौका केजरीवाल की पार्टी को देंगे जिससे कि हरियाणा वासियों को भी दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर सुविधाएं दी जा सकें।

### धनौंदा आश्रम के संचालक स्वामी कृष्णानंद का निधन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** कनीना के गांव धनौंदा स्थित आश्रम के संचालक स्वामी कृष्णानंद का शनिवार को निधन हो गया। वे पिछले लंबे समय से अस्वस्थ थे। आश्रम में रोजमर्रा की भांति भगत आश्रम में पहुंच रहे थे। जिन्हें भी स्वामी कृष्णनंद महाराज के निधन का समाचार मिला तो वह स्तब्ध रह गया। संत समाज व ग्रामीणों की मौजूदगी में उनका संस्कार किया गया। जसवंत सिंह ने बताया कि स्वामी कृष्णानंद की ओर से विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य किये जा रहे थे। नेत्र जांच शिविर का आयोजन करना, गौशाला में गायों की सेवा करना तथा आश्रम में भजन-कीर्तन व भंडारा करना उनकी आदत में शुमार हो गया था। उनके निधन से भगत शोक में हैं।



### रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता, रक्तदान से अनमोल जीवन बचाया जा सकता है: पुरखासिया



**गन्नौर।** गांव पुरखास के जैन स्थानक में रविवार को श्री एसएस जैन सभा, द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें युवाओं ने 65 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान के लिए खानपुर मेडिकल कॉलेज से चिकित्सकों की टीम पहुंची। शिविर में बतौर मुख्यातिथि राजेश पहलवान पुरखासिया ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने रक्तदाताओं का हौसल्ला बढ़ाते हुए कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बन सकता इसलिए रक्त का दान करना जरूरी है। आपके द्वारा किया गया रक्तदान दूसरों की जिंदगी बचाता है यह सबसे बड़े उपकार का काम है। रक्तदान शिविर पूज्य श्री आलोक मुनि जी महाराज के पावन सानिध्य में अमन मुनि महाराज, सेवा भावी अक्षय मुनि महाराज आदि ठाणे-3 की कृपा से लगा है। शिविर की व्यवस्था में विपिन मास्टर,प्रेम गौतम,सुमित राठी,अमित राठी,पुरखास ऋषि राठी, सरपंच प्रतिनिधि सुनील जांगड़ा, यशपाल बाबा पूर्व सरपंच इत्यादि शामिल रहे।

# नवज्योति शिक्षा सदन में नेत्रदान, अंगदान व देहदान को लेकर किया जागरूक

## अधिकारियों ने अभिभावकों को और स्कूल अध्यापकों को अंगदान, देह दान के बारे में जानकारी दी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**नव** ज्योति शिक्षा सदन में नेत्रदान, अंगदान व देह दान का जागरूकता शिविर आयोजन भाविप द्वारा किया गया। स्कूल में पीजीआई रोहतक के डॉक्टर, दृष्टि, मोक्ष पथ के अधिकारियों ने अभिभावकों को और स्कूल अध्यापकों को अंगदान, देह दान के बारे में जानकारी दी। जिससे गन्नौर के लगभग 26 लोगों ने अपने प्रपोजल फॉर्म भरवाए। जिसमें भारत विकास परिषद के अध्यक्ष एवं नव



ज्योति शिक्षा सदन के निदेशक राजेंद्र कौशिक उनकी पत्नी शकुंतला कौशिक एवं पारस ने सबसे पहले अपने फॉर्म पूर्ण देह दान के लिए भरवाए। परिषद के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण जिंदल, अनीता जिंदल, जगदीश व्यास, संदीप सिंघल, आरती शर्मा, गौरव शर्मा, सुमन कौशिक, पवन कौशिक, कुसुम सैनी, रेनू कौशिक, संजीत कौशिक, पूनम शर्मा, हीनू शर्मा अशोक शर्मा कैलाना, नीलम धनखड़, खुबडू आदि 26 सदस्यों ने देह दान, अंगदान और नेत्रदान का फार्म भरवाया। पीजीआई रोहतक से आए डॉ राजेश ने बताया अंगदान महादान है। पीजीआई रोहतक से डॉ प्रीति ने बताया अंग दान करने वाले भगवान हनुमान के समान हैं जो किसी को संजीवनी बूटी स्वरूप अपना अंग देकर जीवन दान देता है।

## मनोज ने कुमारी शैलजा का जन्मदिन केक काट कर मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**प्रदेश महासचिव राजीव गांधी** पंचायती राज संगठन हरियाणा कांग्रेस के एडवोकेट मनोज गोहाना ने गोहाना की पुरानी अनाज मंडी में राष्ट्रीय महासचिव छत्तीसगढ़ की प्रभारी बहन कुमारी शैलजा का जन्मदिन केक काट कर मनाया व उनके स्वस्थ जीवन और लम्बी उम्र की कामना करते है। इस अवसर पर सुरेंद्र जैन, राजेन्द्र जैन, प्रवीण गोयल, दिनेश जैन, राजेश जैन, नवीन जैन,धर्मेंद्र चोपड़ा, नितेश कुमार देवेंद्र दुराना,सोनू सैन,कृष्ण दहिया, नरेश कुमार, मोहन सिंह, नवीन कुमार, पंडित सत्येंद्र, सत्यवान, रामकुमार, आदि मौजूद रहे।

## अम्बाला जिला ब्राह्मण सभा की मासिक बैठक सम्पन्न



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

अम्बाला जिला ब्राह्मण सभा की मासिक बैठक पीपली बाजार, अम्बाला शहर स्थित भगवान श्री परशुराम मंदिर में सम्पन्न हुई। मास का अंतिम रविवार होने के कारण मंदिर हवन यज्ञ प्रधान सतीश बक्शी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। बैठक में आगामी त्योहारों व सनातन धर्म के प्रति कुछ नेताओं द्वारा की जा रही टिप्पणियों पर दुःख व्यक्त करते हुए ऐसे असामाजिक तत्वों को रोकने के लिए इन पर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई। इस महीने आने वाली पूर्णमासी पर होने वाले हवन यज्ञ तथा श्राद्ध के उपरान्त होने वाले नवरात्रों को भी धूमधाम से मनाने के लिए मंदिर में सजावट करने के साथ-साथ इस में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया गया।

## पुलिस महानिरीक्षक ने की पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** शनिवार को दक्षिण मंडल रेंज के आईजी राजेंद्र कुमार आईपीएस विशेष रूप से लघु सचिवालय नारनौल स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। पुलिस महानिरीक्षक के लघु सचिवालय पहुंचने पर पुलिस के जवानों द्वारा सम्मान स्वरूप सलामी दी गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उन्होंने जिला महेंद्रगढ़ के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस अवसर पर बैठक में आईजी राजेंद्र कुमार की मुख्य मौजूदगी में पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल, सहायक पुलिस अधीक्षक प्रबिना पि, सभी पर्यवेक्षण अधिकारी व जिला के सभी थाना प्रबंधक, सीआईए प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## नशा मुक्ति को लेकर साइकिल यात्रा 22वें दिन पहुंची बराड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला** (मनीष कुमार) हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के द्वारा नशामुक्त हरियाणा को लेकर शुरू की गई साईकल यात्रा 22वें दिन अम्बाला जिले के बराड़ा उपमंडल के गांव अकालगढ़ में पहुंची। इस अवसर पर एसडीएम बराड़ा बिजेंद्र सिंह, पूर्व विधायक राजबीर सिंह बराड़ा, बीइओ प्रमोद राणा सरपंच अकालगढ़ अजय कुमार, प्रशासन के अन्य अधिकारियों, ग्रामीणों, विभिन्न सामाजिक संगठनों व आम जन ने साइक्लोथॉन का गर्मजोशी से पुष्पवर्षा कर स्वागत व उत्साहवर्धन किया। साइक्लोथॉन को लेकर नागरिकों को जोश व उत्साह पूरे चरम पर रहा` भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुए साइकिलिस्ट में जोश ओर बढ़ता



जा रहा था। इस मौके पर मुख्यमंत्री के विशेष कार्य अधिकारी भूपेश्वर दयाल व लाडवा के पूर्व विधायक डा0 पवन सैनी और डी एस पी जोगिन्द्र शर्मा साईक्लोथॉन यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे। अवसर पर जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने आम जन को ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश देते हुए जागरूक किया। अधोया पहुचने पर इस यात्रा का स्वागत सेवा ट्रस्ट यूके (भारत), वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया के प्रधानाचार्य राजेश पराशर, पवन पराशर, सभी स्टाफ सदस्यों, बी आर पी वीरेंद्र सिंह, अधोया हिन्दुआन के सरपंच कुलदीप राणा, अधोया मुसलमान के सरपंच कैलाश अलावादी, रिटार्ड इंस्पेक्टर दलीप सिंह, जिला परिषद् मेम्बर सुखविन्द्र सिंह व अन्य गणमान्य लोगो ने इस यात्रा का स्वागत किया।

# हरियाणा में बाजरे की तस्करी की आशंका, सीमाओं पर नजर रखेंगे डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** हरियाणा सरकार ने 25 सितंबर से धान व बाजरे की खरीद शुरू करने का फैसला लिया है। पिछले सालों तक खरीफ फसलों की खरीद एक अक्तूबर से होती रही है, लेकिन इस बार एक सप्ताह पहले ही किसान अपनी फसल बेच सकेंगे। किसान संगठनों की मांग थी कि इस बार धान की खरीद 20 सितंबर से शुरू की जाए। केंद्र सरकार द्वारा हरियाणा में ढाई लाख टन बाजरे की खरीद की मंजूरी के बाद सीमा से सटे पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से बाजरे की तस्करी की आशंका है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि बाजरे की तस्करी रोकने के लिए संबंधित एजेंसियों के सहयोग से सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखें। हरियाणा सरकार ने इस संबंध में केंद्र सरकार को पत्र भी लिखा था लेकिन अनुमति नहीं दी गई। मंडियों की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को सभी जिला उपायुक्तों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक की। उन्हें निर्देश दिए कि खरीद शुरू होने से पहले सभी मंडियों में पिछले वर्ष का स्टॉक अवश्य जांच लें, ताकि कोई भी नई खरीद में स्टॉक की गई फसल को बेचने की कोशिश न करे। नमी मापने वाले मीटरों की कैलिब्रेशन करवाने जैसी तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाएं।



बाजरे की सरकारी खरीद के लिए बढ़ रहा किसानों का इंतजार नारनौल में बाजरे का सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद को लेकर किसानों को इंतजार बढ़ता जा रहा है, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक खरीद को लेकर कोई आदेश जारी नहीं किए हैं, जिस कारण किसानों को औने-पौने दामों पर अपने अनाज को आढ़तियों के यहां बेचना पड़ रहा है। सरकारी खरीद शुरू नहीं होने से आढ़ती तो खुश नजर आ रहे हैं, क्योंकि आढ़तियों की ओर से जिले की विभिन्न मंडियों से अब तक 30 हजार क्विंटल से अधिक बाजरा खरीद किया जा चुका है, जबकि किसान अपने अनाज को निर्धारित से कम दामों पर बेचने को मजबूर हैं।आढ़ती कसानों से 1900 से 2050 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बाजरा खरीद कर रहे हैं। वहीं सरकार की ओर से इस बार 2500 रुपये प्रति क्विंटल बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। इस प्रकार किसान को प्रति क्विंटल 500-600 रुपये का नुकसान हो रहा है। खरीफ की फसल में बाजरा महेंद्रगढ़ जिले की प्रमुख फसल है।

## श्रीराम लाइफ ने कैथल में अपने एपेक्स चैनल के कार्यालय का किया शुभारंभ



**कैथल।** सभी वर्गों की सुरक्षा और जीवन बीमाओं की पूरी जानकारी देने के उद्देश्य से अपैक्स चैनल के पूरे देश में कार्यलय खोले जा रहे है। इसी कड़ी में श्रीराम लाइफ ने अपना अपैक्स चैनल का कार्यलय का शुभारम्भ हरियाणा के कैथल में किया गया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में श्रीराम लाइफ के बिजनेस हेड टॉप सिटीज उत्कर्ष चौधरी, जोनल हेड मनीष छाबड़ा, ब्रांच हेड ईश्वर सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश अरोड़ा भी उपस्थित रहे। इस दौरान उत्कर्ष चौधरी और मनीष छाबड़ा ने बताया कि श्रीराम ग्रुप इस साल अपनी स्थापना की गोल्डन जुबली मना रहा है व व वित्तीय क्षेत्र में 50 वर्षों से बनी विश्वसनीयता को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से अपैक्स चैनल इस साल 50 नए कार्यालय खोलने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ये चैनल के जरिए सभी उम्र के वर्गों के लिए बिमा सुरक्षा में फायदे से जुड़े नए प्लान्स लॉन्च किए है। साथ ही हमने डिफेन्स के लिए भी कई प्लान्स का इस कार्यक्रम के दौरान लोकार्पण किया। कंपनी अपने स्वर्ण जयंती उत्पाद के लिए शुद्ध इक्विटी, डेट और हाइब्रिड फंड सहित कई तरह के फंड की पेशकश कर रही है। इस कार्यक्रम के मौके पर गोल्डन जुबली यूनिट लिंक्ड प्लान भी लॉन्च किया गया है। इस से न सिर्फ.रोजगार के बहुत सारे नए अवसर बनेंगे बल्कि वित्तीय योजनाओं का लाभ भी अधिक लोगों तक पहुंच पाएगा।

## राधाकृष्ण प्रभात फेरी संगठन की ओर से निकली गई प्रभात फेरी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** राधाकृष्ण प्रभात फेरी संगठन की ओर से हर रविवार को निकाली जाने वाली 36वी प्रभात फेरी मोहल्ला मोहल्ला खड़खड़ी गंगा माई मंदिर से आरंभ हुई। प्रभात फेरी मे मोहल्ला खड़खड़ी के समस्त निवासियों ने प्रभात फेरी में सैकड़ों की संख्या में पुरुष व महिलाओं के साथ राधा रानी का गुणगान किया। संगीत की स्वर लहरियों के साथ नृत्य करते हुए प्रभात फेरी में प्रभात काल में राधा नाम जपने से मन शांत होता है और चिंताओं से राहत मिलती है। यह जप एकाग्रता को बढ़ाता है और मानसिक स्थिरता प्रदान करता है। राधा नाम के जप के द्वारा, मन को चिंताओं और तनाव से मुक्त किया जा सकता है।



## 'बेटियां हर क्षेत्र में अपनी योग्यता एंव क्षमता का परचम लहरा रही'

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** भगवान वाल्मीकि शिक्षा प्रचार समिति हरियाणा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस एवम हरियाणा वीर शहीदी दिवस के उपलक्ष में कपिल आंखों का अस्पताल बराड़ा के सहयोग से 29वा आंखों का फ्री जांच कैंप गांव कमवास की बी. सी. चौपाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सोनिया प्रोचा जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा अंबाला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव की सरपंच पूजा द्वारा की गई मुख्य अतिथि ने रिबन काटकर कैंप का शुभारंभ किया इस अवसर पर ग्राम वासियों व ग्राम पंचायत द्वारा फूल मालाओं से मुख्य अतिथि का



जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि आज बेटियां दुनिया के हर क्षेत्र में अपनी योग्यता एवं क्षमता का परचम लहरा रही हैं वह किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं है हाल ही में चंद्रयान 3 के सफल प्रक्षेपण में भी देश की बेटियों ने अहम भूमिका अदा की है मौके पर गांव की सरपंच श्रीमती पूजा ने बताया कि मैं भी एक बेटी हूं जो कि सरपंच के रूप में पूरे गांव का नेतृत्व कर रही हूं मेरे पास तीन बेटियां हैं मुझे तीन बेटियों की मां होने पर बहुत ही गर्व है हमें अपनी बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मौका देना चाहिए` कैंप में 152 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई जरूरतमंद लोगों को संस्था की ओर से दवाइयां फ्री वितरित की गई संस्था के महासचिव मोहन प्रोचा ने बताया कि किसी भी गरीब वह असहाय व्यक्ति की आंखों का ऑपरेशन संस्था की तरफ से फ्री करवाया जाएगा इस अवसर पर जसबीर सिंह राजेश पाल गुरनाम सिंह यादराम धर्मपाल शीशपाल पंचायत मेंबर राजबाला कमलेश पूनम जगबीर सरोज रमन रावत दीपिका आदि मौजूद रहे।

# अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका उदयभान का पुतला

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को लेकर दिए गए अभद्र बयानों पर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय कार्यकर्ता पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस मे एकत्रित हुए, वहां से विरोध प्रदर्शन करते हुए महावीर चौक तक गए। वहां उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला फूंका। भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने कहा कि अभी भी समय है कांग्रेस के नेता अपने अंदर झांक ले। देश की जनता उन्हें पूरी तरह से नाकार चुकी है। कांग्रेसी सिर्फ खबरों में बने रहने के लिए कोई भी ऊल जुलूल बयान दे रहे हैं। नांगल



चौधरी विधायक डॉ अभय सिंह यादव ने कहां की कांग्रेस बौखलाई हुई है और गलत भाषा का प्रयोग करके हमारे सम्मानित नेता का मजाक उड़ा रही है। अटेली विधायक सीताराम यादव ने कहा कि कांग्रेस के छोटे से बड़े नेता शब्दों का चयन करना भूल गए हैं इसलिए वह भाजपा के नेताओं पर अभद्र भाषा का प्रयोग करके अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दे रहे हैं। प्रदेश सह प्रवक्ता सत्यव्रत शास्त्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री से लेकर हमारे स्थानीय नेता व मंत्री पर भी कांग्रेस के नेता अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री पर की गई अभद्र टिप्पणी पर रोष है। वही आईटीआई मैदान में आयोजित शहीद समान समारोह में अर्जुन राव द्वारा मंत्री व सांसद पर की गई अभद्र टिप्पणी पर भी स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी रोष है।

**विरोध**

**8 अभी भी समय है कांग्रेस के नेता अपने अंदर झांक ले। देश की जनता उन्हें पूरी तरह से नाकार चुकी है**

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने परिवार संग लिया बप्पा का आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने बप्पा के दर्शनकिये। शाह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे औरमहाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के साथ 'लालबाग के राजा गणपति मंडल' पहुंचे. जहां पर सभी नेताओं के साथ शाह ने गणेश भगवान का दर्शन किये. बता दें की अमित शाह हर साल 'लालबाग के राजा का दर्शन करने आते हैं। इस साल भी गृह मंत्री अमित शाह ने अपने परिवार के साथ लालबाग के राजा के दर्शन किए. गृहमंत्री



शाह हर साल लालबाग के राजा के दर्शन के लिए मुंबई आते हैं. वह इस साल भी लालबाग के राजा के दर्शन करने आए थे. लालबाग के राजा को सौगंध पिता के नाम से जाना जाता है. इसलिए यहां लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं. साथ ही कई मशहूर हस्तियां भी लालबाग के राजा के दर्शन के लिए आती हैं।

बॉलीवुड अभिनेता, मराठी कलाकार और कई बड़े राजनेता लालबाग देखने आते है। गृह मंत्री शाह ने लालबाग के राजा के भी दर्शन किए।

## न्यूज फ्लैश

### अभियान आपके द्वारा: बडी संख्या में मिल रहे हैं टैम्पर्ड मीटर, लगे मिले रजिस्टेंस

**-मीटर से छेड़छाड़ करने और कराने वालों के खिलाफ की जा रही है सख्त कार्यवाही**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

विद्युत विभाग के द्वारा चलाये जा रहे अभियान आपके द्वारा के परिणाम सामने आने लगे हैं। चेकिंग के दौरान बडी संख्या में ऐसे टैम्पर्ड मीटर पकड़े जा रहे हैं। शातिर किस्म के बिजली चोर इस तरह की तकनीक का उपयोग करते हैं। मीटर की जांच के दौरान पाया गया कि ऐसे उपभोक्ताओं ने किसी एक्सपर्ट से मीटर की सील तुडवा कर सीटी को बाइपास कराया या फिर मीटर में एक अतिरिक्त रजिस्टेंस लगा मिला। जिससे मीटर की रीडिंग धमा हो गया। इस स्थिति में मीटर कम रीडिंग बनाता है जिसका लाभ बिजली की चोरी करने वाले उपभोक्ता उठा रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ विभाग अभियान चला कर कार्यवाही करेगा। ऐसे उपभोक्ताओं के मीटरों की गोपनीय तरीके से चौकिंग कराई जा रही है। क्षेत्र के अंदर ऐसे सभी मीटरों को चिन्हत कर बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान लगातार चलेगा। मीटर में छेड़छाड़ करने और कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। बिजली की कम खपत दिखाने के लिए विद्युत मीटर से छेड़छाड़ करने वलों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। बिजली विभाग ने कई ऐसे मीटरों को पकड़ा है, जिनके उपर विद्युत विभाग ने भारी भरकम जुमार्ना लगाया है। एसडीओ राहुल चौरसिया ने बताया कि अब कस्बा चौमुहां में चेकिंग अभियान के दौरान 21 उपभोक्ताओं के विद्युत मीटरों में बिजली चोरी होते हुए पकडी गई है। पिछले दिनों आठ टैम्पर्ड मीटरों को जांच के लिए परीक्षण लैब भेजा गया था। जांच में सात विद्युत मीटर से कम रीडिंग निकालने के लिए छेड़छाड़ की गई थी। इन सभी उपभोक्ताओं पर जुमार्ना लगाया है। जबकि 13 उपभोक्ताओं को 22 सितंबर को मीटर चेक कराने के लिए कहा गया था। 22 सितम्बर को उपखण्ड अधिकारी चौमुहां राहुल चौरसिया और सहायक अभियंता मीटर दिनेश गोविल की मौजूदगी में वीडियो ग्राफी कराते हुए मीटर चौक किये गये। जिसमें पांच उपभोक्ता अपना मीटर चेक कराने पहुंचे। मीटर के परीक्षण में सभी पांच उपभोक्ता दोषी पाये गये। पांचों पर मौके पर ही समन शुल्क और असिस्टेंट खंड कार्यालय में जमा कराया गया। बाकी आठ उपभोक्ताओं को छह अक्टूबर तक मीटर परीक्षण कराने के लिए नोटिस भेजा गया है। इस माह में अब तक चौमुहां क्षेत्र में 14 मीटर के परीक्षण 13 उपभोक्ता दोषी पाये गये हैं। जिन से 1.1 लाख का जुमार्ना वसूला जा चुका है। लगभग इनसे साढे चार लाख का राजस्व जल्द ही जमा कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक हुई मीटरों की जांच में उपभोक्ताओं ने किसी एक्सपर्ट से मीटर की सील तुडवा कर सीटी को बाइपास कराया या फिर मीटर में एक अतिरिक्त रजिस्टेंस लगा मिला। जिससे मीटर की रीडिंग धमा हो गया। इस स्थिति में मीटर कम रीडिंग बनाता है जिसका लाभ बिजली की चोरी करने वाले उपभोक्ता उठा रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ विभाग अभियान चला कर कार्यवाही करेगा। ऐसे उपभोक्ताओं के मीटरों की गोपनीय तरीके से चौकिंग कराई जा रही है। क्षेत्र के अंदर ऐसे सभी मीटरों को चिन्हित कर बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान लगातार चलेगा। मीटर में छेडछाड करने और कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### रोक के बावजूद पशु पैंठ लगाने का हुआ प्रयास

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शहर के मोहल्ला निकासा में लगने वाली पैठ को लम्पी रोग के कारण अभी स्थगित किए जाने के बावजूद पैंठ लगाने के प्रयास करने के बाद पुलिस एक्शन में आ गई। पुलिस ने वहां एकत्रित हुए व्यापारी एवं पशु स्वामियों और वाहनों को खदेड दिया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद वहां कुछ ही देर में पैंठ खाली हो गई। दरअसल लम्पी रोग का प्रकोप अभी कम नहीं हुआ है। लगातार पशु इसके शिकार होते जा रहे हैं। रोग का संक्रमण और अधिक न फैले इसके लिए प्रशासन ने पशुओं की पैंठ लगने और एक स्थान पर एकत्रित किए जाने पर रोक लगाई हुई है। शासन के निर्देश के बावजूद रविवार को शहर के निकासा स्थित पशु पैंठ में रविवार को पशुओं को लाया गया वहीं बडी संख्या में पशु व्यापारी भी एकत्रित हुए। नियमों के उल्लंघन किए जाने के बारे में जब पुलिस को जानकारी हुई तो बडी संख्या में पुलिस कर्मियों को लेकर कस्बा चौकी प्रभारी जतिन पाल सिंह वहां पहुंचे और सभी को वहां से खदेड दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने सभी को नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी है।

# साइबर क्राइम के लिए 'मैटेरियल तैयार' करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**गिरफ्तार**

**8 फिंगर प्रिंट का क्लोन तैयार करने वाले तीन पकड़े**
**-मुन्ना मलिक सहित तीन लोगों को किया गिरफ्तार**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

साइबर क्राइम के लिए मैटेरियल तैयार करने वाले गिरोह का मथुरा पुलिस ने खुलासा किया है। फिंगर प्रिंट का क्लोन तैयार कर अंतरराज्यीय साइबर अपराधियों को, कोटेदारों को, फर्जी सिम खरीदने और बेचने वालों, फर्जी पासपोर्ट आदि तैयार करने वाले गिरोहों और दूसरे जालसाजों को बेचने वाले गिरोह का मथुरा पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन लोगों को दबोचा है। इनके कब्जे से भारी मात्रा में सामान और दस्तावेज बरामद किये गये हैं। पुलिस अब उन लोगों को भी तलाश रही है जिन्हें यह गिरोह जालसाजी के लिए इस तरह के उपकरण और सामान मुहैया कराते थे। थाना कोतवाली व स्वाट टीम की संयुक्त टीम द्वारा साइबर कैफे, जनसेवा केन्द्र में फर्जी अंगूठे के क्लोन से फर्जी आधार कार्ड तैयार कर साइबर अपराधियों को, कोटेदारों को बेचने, तैयार करने वाले एवं फजीर्वाड़ा करने वाले रवि पुत्र मुन्ना लाल निवासी सुखदेव नगर थाना कोतवाली, मुन्ना मलिक पुत्र हुसैनी निवासी सुखदेवनगर थाना कोतवाली, कमरूद्दीन पुत्र बिल्लू उस्मानी निवासी सुखदेव नगर थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया है। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली संजय कुमार पाण्डेय, प्रभारी स्वाट टीम अभय कुमार शर्मा, चौकी प्रभारी कृष्णा नगर अजय अवाना आदि शामिल थे।

स्वाट और कोतवाली मथुरा की टीम ने तीन सदस्यीय गिरोह पकडा है। ये फर्जी आधार कार्ड बनाने, आधार कार्ड का डेटा फर्जी तरीके से चेंज करने, फर्जी डॉक्यूमेंट के आधार पर सिम कार्ड लेकर साइबर अपराधियों को बेचना, लोगों के अंगूठे के निशान की क्लोनिंग करते थे, क्लोन अंगूठे के निशान मिले हैं। यहां तक भी बात आई है कि कोटे अनाज निकालने में फर्जी अंगूठे के निशान का इस्तेमाल भी होता था। ये इस तरह का कृत्य कर के फर्जी डाक्यूमेंट अपराधियों को भेजते थे, इस पर भी हमारी टीम काम कर रही है।
लगभग 110 अंगूठे के निषान, फर्जी आधार कार्ड के प्रिंट इनके पास से बरामद किये गये हैं। इनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही भी सुनिष्चित की गई है।
**- शैलेश कुमार पांडेय, एसएसपी मथुरा**

### गिरोह के लोगों से ये हुआ बरामद

मेडिकल ऑफिसर डिस्ट्रिक्ट हॉस्पीटल मथुरा, डॉ. कमल कौशिक प्रधानाचार्य श्री कृष्णा इंटर कॉलेज गोकुल मथुरा तथा अनीता गुर्जर पार्षद वार्ड नम्बर 22 बाकलपुर नगर निगम मथुरा वृन्दावन की फर्जी मोहर, दो प्रिंटर, एक लैपटॉप, एक मॉनिटर, एक सीपीयू,
एक माउस, एक कीबोर्ड, 40 आधार कार्डों की छायाप्रति, 40 पारदर्शी पन्नी के अन्दर पॉलीमर से बने अंगूठा निशानी, 70 पॉलीमर के अंगूठे निशानी, दो अंगूठा रीडर, एक एटीएम, चार मुहरें मय मोहर पैड के, एक स्वैप मशीन आदि सामान बरामद हुआ है।

## सुगंध दशमी पर जिनालयों में उमड़े भक्त

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



कोसीकलां में दशलक्षण पर्व के चलते रविवार को सुगंध दशमी की धूम रही। समाज के लोगों ने नगर के विभिन्न जैन मंदिरों में परिक्रमा करते हुए सुगंध दशमी मनाई तथा जिनेंद्र भगवान की आरती उतारी। भक्ति व आस्था के माहौल के बीच सुगंध दशमी व्रत कथा का वाचन जैन विद्वानों ने किया। मंदिरों में रखे पात्रों में धूप खेवन किया गया और शाम को भगवान की जब आरती उतारी गई तो एक अद्भुत दृश्य मंदिर में दिखाई दिया। जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व में जैन विद्वान आयुष जैन ने कहा कि पंच इंद्रियों के विषयों का जीतना संयम है। उत्तम संयम को धारण करने से भव-भव के बंधन कट जाते हैं। कहते हैं देव भी संयम के लिए तरसते हैं।
पांच इंद्रियों के विषयों को भोग छोड़ने से संयम होता है। कषायों के नाश करने से संयम होता है।
मंदिर पर सुभाष जैन, सतीशचंद जैन, कैलाश चंदौरिया, राजेंद्र जैन, ऋषभ जैन, विनोद जैन, दिनेश जैन, कैलाश मेंबर, नवीन जैन, प्रवीन जैन, आदि मौजूद थे। सपेरे वाले मंदिर एवं आने वाला मंदिर भी महावीर के जयघोषो से गुंज उठे। रात्रि में खेडे वाले जैन मंदिर पर अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अलावा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए, जिन्हे देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए।

## खाटू श्याम की तर्ज पर सुलभ होंगे प्रभु के दर्शन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

राजस्थान सरकार की उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि जैसे खाटू श्याम से जिगजैग अवरोधक खत्म कर श्रद्धालुओं को प्रभु के सुलभ दर्शनों की कोशिश की गई है। उसी तर्ज पर राजस्थान सरकार ब्रजभूमि के अन्य मंदिरों में व्यवस्था लागू करने का प्रयास करेगी। तथा अन्य सहूलियतें भी प्रदान करेगी। रविवार को राजस्थान सरकार की उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत गोवर्धन पहुंची। उन्होंने गिरिराज जी का दूध से अभिषेक कर पूजा अर्चना की। सेवायत पवन कौशिक ने पूजा संपन्न कराई। सेवायत गिरधारी लाल अन्नो व मंदिर प्रबंध कमेटी के सतीश शर्मा ने प्रसादी दुपट्टा और प्रसाद भेंट किया।

## आप ने कठौती कुआं क्षेत्र में लगाई तिरंगा शाखा



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कठौती कुआं क्षेत्र में आम आदमी पार्टी ने तिरंगा शाखा का आयोजन किया। सर्वप्रथम तिरंगा शाखा के जिला प्रमुख सुरेश कुमार सैनी ने संविधान में दर्ज प्रस्तावना को सभी के साथ दोहराया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने शाखा सेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान प्रत्येक भारतीय नागरिक के समान अधिकार और कर्तव्य सुनिश्चित करता है। प्रत्येक भारतवासी को एक ओर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। वहीं दूसरी ओर कर्तव्यों का पालन भी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। उपस्थित शाखा सेवियो ने मोहल्ले की समस्या बताते हुए कहा की हर घर नल और नल में जल वाला भाजपा का वायदा अभी तक पूरा नहीं है। मोहल्ले वासियों से पूरा टैक्स वसूला जाता है लेकिन पीने का पानी लेने के लिए महिलाओं को दो किलोमीटर दूर बंगाली घाट जाना पड़ता है। इसी के साथ साथ मोहल्ले में गंदगी के अंबार हैं जिसकी वजह से बदबू और मच्छरों के बीच सकरी गलियों के निवासियों को बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में आक्रोशित महिलाएं आंदोलन के रास्ते पर जाने का मन बना रही हैं। जिला शाखा प्रमुख की ओर से समस्या के समाधान के लिए नगर निगम के अधिकारियों से मुलाकात करने का वादा किया गया।

# मेरठ से संघर्ष का संदेश लेकर लौटे भाकियू चढ़ूने के पदाधिकारी

**महापंचायत**

**8 - किसान महापंचायत में बिजली, निराश्रित गौवंश, एमएसपी के मुद्दे उठाए गए**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

भाकियू चढ़ूनी के स्थानीय पदाधिकारी किसान हित में संघर्ष का संदेश लेकर लौटे। स्थानीय पदाधिकारियों ने बताया कि मेठर की किसान महापंचायत में बिजली, निराश्रित गोवंश और एमएसपी जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाये गये। मेरठ महापंचायत में शामिल हुए मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर कहा कि स्थानीय पदाधिकारियों ने रविवार को किसान महापंचायत में भाग लिया। किसान महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूंनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुनाम सिंह चढ़ूंनी के आह्वान पर बुलाई गई थी। प्रदेश सरकार किसानों का दोहन और शोषण करने से बाज नहीं आ रही है। किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली की घोषणा की थी लेकिन किसानों के ट्यूबवेलों पर मीटर ठोके जा रहे हैं। बिजली अधिकारी कनेक्शन होने के बाद भी किसानों पर मुकदमा दायर कर शोषण कर रहे हैं। किसानों की लगातार अनदेखी हो रही है। किसानों को उसकी उपज का वाजिब दाम नहीं मिल रहा है, आलू किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार खराब हो रही है, लागत मूल्य, खाद, बिजली, डीजल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। जिलाध्यक्ष रामफल सिंह सूबेदार, प्रदेश महासचिव डा सतीश चन्द्र, तहसील अध्यक्ष श्यामवीर सिंह सिकरवार ने महापंचायत में जनपद की प्रमुख समस्याओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष उठाया। विद्युत विभाग मनमानी कर किसानों को परेशान कर रहा है। किसान दुःखी व पीड़ित हैं, कोई सुनवाई नहीं हो रही है। महापंचायत में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्यामवीर सिंह सिकरवार, महानगर प्रभारी जयपाल सिंह, श्यामपाल सिंह, डा अशोक सिकरवार, पुष्पेंद्र सिंह चौधरी, सोनवीर सिंह तोमर, हरिपाल, श्यामवीर सिंह परिहार, छत्रपाल सिंह सिकरवार, महेश प्रधान, संदीप कुमार आदि ने भाग लिया।



चित्र परिचय-मेरठ महापंचायत में षामिल होने के लिए पहुंचे भाकियू चढ़ूनी के स्थानीय पदाधिकारी।

## विपत्ति में केवल सत्कर्म ही काम आते हैं: बालयोगी महाराज

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की छटी को समूचे ब्रज में बदलेव छठ का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों, मठ, आश्रमों पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। श्री गुरु कार्ष्णि उदासीन आश्रम बालयोगी धाम कारब मथुरा में बलदेव छठ पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के दौरान सैकड़ों साधु संतों एवं ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अखण्डानन्द आश्रम के महंत श्रवणानंद महाराज भी आश्रम पहुंचे। आश्रम के महंत बालयोगी महाराज ने कहा कि सैकड़ों साधु संत भंडारे में आये। आम जनता भी प्रसाद ग्रहण किया। इसमें संदेष यह है कि पुण्य कार्य करते रहना चाहिए। पुण्य कार्य करते रहने से हमारी संभावना है कि हम जहां से आये हैं लौट के वहां जा सकते हैं। भगवान की तुलना मां से की गई है कि करो सदा तिन की रखवाली जो बालक राखें महतारी अर्थात मां छोटे बच्चे को तैयार कर स्कूल भेजती है लेकिन हिंदुस्तान में कोई ऐसी मां है जो बच्चे के लौटने का इंतजार नहीं करती हो। हर मां बच्चे के लौटने का इंतजार करती है। बच्चे की एक बजे छुट्टी हो जाएगी तो कम से कम डेढ़ बजे तक वह मेरे पास जरूर आ जाएगा और मां से तुलना भगवान की की गई है। भगवान ने हमें धरती पर भेजा है तो वह भी हमारा इंतजार कर रहा है कि बच्चा सत्कर्म करे, अच्छे कार्य करे जिससे लौट कर मेरे पास ही आ जाये। उल्टे सीधे काम न करे जिससे उसे यमराज नहीं ले जाएं, नरक में नहीं चला जाए। लौट कर मेरे पास ही आ जाये। इस लिए पुण्य और अच्छे काम करते रहना चाहिए क्यों कि परमात्मा हमारा इंतजार कर रहा है।

## पुलिस ने 25 हजार के इनामी अंतर्राज्यीय लुटेरे को किया गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना कोसीकलां पुलिस व एसओजी टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए 25 हजार के इनामी अंतर्राज्यीय लुटेरे को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से अभियुक्त घायल हो गया।

घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने फर्जी नम्बर प्लेट लगी मोटरसाइकिल, एक तमंचा, जिंदा और खोखा कारतूस बरामद किये हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकलां अनुज कुमार के मुताबिक षनिवार की रात को कामर कोसी रोड दहगांव मोड़ पर योगेश पुत्र वीरी सिंह निवासी ग्राम ककरेटिया थाना राया मुठभेड के बाद गिरफ्तार किया गया है। इसके खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्रों में डेढ दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## वृंदावन की घटना से नहीं लिया सबक, अब मथुरा में गिरा मकान

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



शनिवार को हुई बरसात से शहर के व्यस्त इलाके में एक मकान का कुछ हिस्सा भरभरा कर गिर पडा। गनीमत यह रही हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। घटना शनिवार की देर शाम चौक बाजार क्षेत्र में हुई। मकान गिरने की आवाज सुनते ही लोग घटना स्थल की ओर दौड पडे। लोगों को आशंका थी कि काई इस मलबे में दबा हो सकता है। आनन फानन में लोगों ने मलबे को हटाने का प्रयास शुरू कर दिया। लोगों ने राहत की सांस ली जब मलबे को पूरी तरह से हटा दिया गया। पुराने मथुरा वृंदावन में बडी संख्या में ऐसे मकान हैं जिन्हें छोडकर उनके मालिक चले गये हैं, या मकान इतने पुराने हैं कि उनकी हालात जर्जर हो चली है और इन मकानों से कभी भी बडा हादसा हो सकता है। 15 अगस्त को वृंदावन के दुसायत मोहल्ले में मकान का छज्जा गिरने से 5 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद नगर निगम ने जर्जर मकानों को हटाने के लिए नोटिस दिए थे। लेकिन इसके बाद शायद नगर निगम कार्यवाही करना भूल गया। अभी हाल के दिनों में मकान गिरने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। शहर के अति व्यस्त बाजार चौक बाजार में शनिवार की देर रात एक मकान धराशाई हो गया। ढाई सौ गज में बने इस मकान में तीन परिवार किराए पर रहते हैं। जिसमें से एक परिवार भाजपा के मंडल महामंत्री सूबेदार मणि का भी है। मकान का जो हिस्सा गिरा उस तरफ कोई नहीं रहता।

# 'नाचत श्याम मोरन संग मुदित ही श्याम रिहझावत'

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

ऐसी कोकिला अलावत पपैया देत स्वर ऐसो मेघ गरज मृदंग बजावत। रसिक शिरोमणि स्वामी हरिदास का यह पद श्याम सुंदर की मयूर लीला को दशार्ता है। पांच हजार वर्ष पूर्व द्वापर काल की लीलाओं के दर्शन आज भी ब्रज में जगह जगह देखने को मिलते हैं। मयूर लीला बरसाना के ब्रह्मांचल पर्वत पर स्थित प्राचीन लीला स्थली मोर कुटी पर श्रीराधारानी के जन्माभिषेक अगले दिन होती है। लीला में स्वयं भगवान श्रीकृष्ण मोर बन श्री वृषभानु नंदिनी श्रीराधा के कर कमलों से मेवा, लड्डू आदि का भोग लगाते हैं। श्रीराधारानी की



सखियां इस विचित्र मोर के रूप रंग का वर्णन और इस मोर की महिमा का गायन करती हैं। श्रीराधारानी द्वारा मोर भगवान को लड्डू भोग लगाया जाता है। भक्तों को प्रसाद लुटाए जाते हैं। हजारों की संख्या में इस महाप्रसादी लड्डू को लूटने की होड भक्तों में लगी रही। एक दुसरे से लड्डू को लूटते हैं। वहीं मोर कुटी महन्त जयदेव बाबा मोर बिहारी जू के घोडा बन मोर बने भगवान श्रीकृष्ण को रास में घुमाया, और मोर बिहारी भगवान का स्वयं भोग लगाया। इस प्राचीन स्थल का प्राकट्य आज से साढ़े पांच सौ वर्ष पहले ब्रजाचार्य श्रील नारायण भट्ट जी जो देवऋषि नारद मुनी के अवतार कहे जाते हैं ने किया था। कहा जाता है कि पहले यहां सिर्फ रास चबूतरा था। इसके बाद जयपुर नरेश माधो सिंह ने इस चबूतरा पर एक कमरा बनवाया था। लेकिन आज प्राचीन स्थल पर एक भव्य मंदिर बना हुआ है। जहां आज भी राधा कृष्ण के मयूर चित्र की पूजा अर्चना होती है। कहा जाता है कि एक बार राधा रानी मोर देखने के लिए मोरकुटी पर पहुंची, लेकिन वहां एक भी मोर न दिखने पर वो मायूस हो गईं। वृषभानु नन्दनी श्रीराधा को उदास देख खुद भगवान श्रीकृष्ण मोर का रुप धारण कर नृत्य करते है। इस दौरान मोर को नाचता देख राधारानी उसे लड्डू खिलाती हैं तो तभी उनकी सखियां पहचान जाती है कि खुद श्याम सुंदर मयूर बन के आयौ है, कहती हैं राधा ने बुलायो कान्हा मोर बन आयो। आज ही के दिन श्रीराधारानी के निज महल में बाबा बृषभानोत्सव में बधाई गायन लीला होती है। ढाढिन ढाडी बाबा वृषभानु और कीर्ति मइया को नाज गाकर बधाई सुनाते है और बधाई लेकर खुशीयाँ मनाते हुए जाते है। जिनकी सेवा होती है वे गोस्वामी बडे जोरशोर से ढाढिन ढाडी को बधाई देते हैं।
यह परपंरा सैकडों वर्षो से श्रीजी मन्दिर में होती चली आ रही है। प्राचीन मोरकुटी स्थल पर कई संतों ने तपस्या की।
वहीं राधा बल्लभ सम्प्रदाय के भक्त कवि नागरी दास ने भी इस प्राचीन स्थल पर तपस्या की थी। आज यहाँ जयदेवदास बाबा महाराज रहते जो आज के दिन मोरकुटी लीला के साथ सन्तो का भण्डारा व भक्तों को मोर भगवान के प्रसादी लड्डू लुटाये जाते है।

# सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राले

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

इलाका पुलिस की मिलीभगत कहें या लापरवाही जिसके चलते ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली सड़कों पर बेलगाम होकर मौत बनकर दौड़ रही हैं। दिन छिपते ही क्षेत्र में ओवरलोडिंग का खेल शुरू हो जाता है। लकड़ी और ईंट से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली दिन हो या रात आसानी से पुलिस चौकियों के सामने से चौक पोस्ट से पास हो जाते हैं। लोगों का आरोप है कि यह पुलिस और एआरटीओ की कमाई का जरिया बन चुके हैं। ओवरलोड वाहन से आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। इसके



बावजूद एआरटीओ और पुलिस इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ओवरलोड वाहन चालकों की नकेल नहीं कसी जा रही है। अफसरों की मानें तो नियमानुसार इस तरह के कार्य में लगे वाहनों का रजिस्ट्रेशन कामर्षियं में होता है। जबकि सामान्यतः ट्रेक्टर केवल कृषि कार्यों को करने के लिए हो सकता है, लेकिन फिर भी नौहझील क्षेत्र में लकड़ी और ईंट भट्ठे का ज्यादा कारोबार होने के चलते इस क्षेत्र में अवैध रूप से ट्रालों का संचालन हो रहा है। इन ट्रालों से क्षेत्र में ईंट भट्ठे से तादात से ज्यादा ईंट भरकर ढोया जाता है। इसके अलावा लकड़ी एवं अन्य सामान भी इन ट्रालों से खूब ढोया जा रहा है। इन ट्रालों में लकड़ी इस कदर भरी होती है कि इसमें आगे और पीछे का कुछ भी नहीं दिखाई देता।

## आयकर विभाग ने रिफंड प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए करदाताओं से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने करदाताओं से वित्त वर्ष 2022-23 के लिए रिफंड की प्रक्रिया को तेजी से निपटाने के लिए पिछले वर्षों की बकाया मांगों के संबंध में मांगी गई सूचना का जवाब देने को कहा है। आयकर




विभाग ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में करदाताओं से पिछले वर्षों की बकाया मांगों के संबंध में मांगी गई सूचना का जवाब देने को कहा है, ताकि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए रिफंड का तेजी से निपटान किया जा सके। विभाग ने कुछ करदाताओं से पिछली लंबित कर मांगों के संबंध में जानकारी मांगने के बाद पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि यह कदम करदाताओं के भले के लिए है, जहां प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप उन्हें अवसर दिया जा रहा है। विभाग ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में अर्जित आय के लिए 7.09 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए हैं। इनमें से 6.96 करोड़ आईटीआर सत्यापित किया जा चुका है। इसके अलावा 6.46 करोड़ रिटर्न अबतक संसाधित किए जा चुके हैं। इनमें 2.75 करोड़ रिफंड रिटर्न भी शामिल हैं। आयकर विभाग के मुताबिक हालांकि, ऐसे कुछ मामले हैं, जिनमें करदाता का रिफंड बकाया है लेकिन पिछली मांगें पूरी नहीं की गई हैं।

## 2022-23 के लिए रिफंड का तेजी से निपटान करने के लिए आयकर विभाग ने की अपील

**लिनारेस।** आयकर विभाग ने करदाताओं से पिछले वर्षों की बकाया मांगों के बारे में आयकर विभाग मिली सूचना का जवाब देने को कहा है ताकि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए रिफंड का तेजी से निपटान किया जा सके। कुछ करदाताओं द्वारा सोशल मीडिया पर आयकर विभाग से पूर्व में की गई कर मांगों के बारे में सूचना मिलने के बीच विभाग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि




यह करदाताओं के अनुकूल कदम है जहां करदाताओं को 'नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों' के अनुरूप अवसर प्रदान किया जा रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में अर्जित आय के लिए 7.09 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए हैं। इनमें से 6.96 करोड़ आईटीआर का सत्यापन किया जा चुका है, जिनमें से 6.46 करोड़ रिटर्न को प्रोसेस किया जा चुका है, जिसमें 2.75 करोड़ रिफंड रिटर्न शामिल हैं। विभाग ने कहा, 'हालांकि, कुछ मामले ऐसे हैं जिनमें करदाताओं का रिफंड बकाया है, लेकिन पिछली मांगें बकाया हैं। आयकर अधिनियम, 245 की धारा 1 1961 करदाताओं को मौजूदा मांग के खिलाफ रिफंड को समायोजित करने से पहले एक प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान करती है। करदाता को मांग की स्थिति से सहमत, असहमत या स्पष्ट करना आवश्यक है। इसमें कहा गया है, 'पिछले वर्षों में मौजूदा मांग वाले करदाताओं को सूचित किया जा रहा है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और लंबित मांगों की सफाई या सुलह करने और समय पर रिफंड जारी करने की सुविधा के लिए इस तरह की सूचनाओं का जवाब दें।' आयकर विभाग ने कहा कि वह आयकर रिटर्न (आईटीआर) की प्रक्रिया को पूरा करने और रिफंड को तेजी से जारी करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

## भारतीय स्टार्टअप Rodzen अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक पर सूचीबद्ध

**वाशिंगटन।** भारतीय स्टार्टअप रोडज़ेन अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक पर सूचीबद्ध किया गया है। रोडज़ेन कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा संचालित एक प्रमुख वैश्विक वाहन बीमा प्रौद्योगिकी कंपनी के रूप में उभरा है। कंपनी ने नैस्डैक पर कारोबार शुरू किया।इसके सामान्य शेयर नैस्डैक ग्लोबल मार्केट में 'आरडीजेडएन' नाम के तहत और इसके शेयर वारंट नैस्डैक कैपिटल मार्केट में 'आरडीजेडएनडब्ल्यू' नाम के तहत कारोबार कर रहे थे। कंपनी 22 सितंबर 2023 को न्यूयॉर्क शहर के नैस्डैक में दिन का कारोबार खत्म होने के रूप में घंटी बजाएगी। रोडज़ेन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोहन मल्होत्रा के हवाले एक अन्य प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, '' हम 800 अरब अमेरिकी डॉलर के वाहन बीमा बाजार को नया आकार देने में एआई की परिवर्तनकारी क्षमता के इस्तेमाल को लेकर उत्साहित हैं।

## देश में स्टार्टअप की संख्या बढ़कर एक लाख के पार : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या 2016 में 450 से बढ़कर इस समय एक लाख से ज्यादा हो गई है। उन्होंने यहां उद्यमियों को संबोधित करते हुए भरोसा जताया कि 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी से वृद्धि होगी। वाणिज्य मंत्री ने शनिवार को राजधानी दिल्ली में आयोजित बड़ा बिजनेस के 'एंटरप्रेन्योर्स लॉन्चपैड' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने अपने संबोधन में भारत में कारोबारी सुगमता, व्यवसाय शुरू करने और संचालित करने को आसान बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया।



गोयल ने कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता ने देश में हुए विकास को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि तेजी से विकास के लिए उत्सुक भारत के युवाओं की महत्वाकांक्षी प्रकृति को स्वीकार करते हैं। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि बड़े सपने देखें, लचीला बनें और भारत की प्रगति में योगदान दें। भारत सरकार ने स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य स्टार्टअप्स के विकास को समर्थन और बनाए रखना है। देश में मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या 2016 में 450 से बढ़कर 2023 में एक लाख से अधिक हो गई है। इन स्टार्टअप्स को उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने मान्यता दी है। इन स्टार्टअप्स में से लगभग आधे टियर 2 और टियर 3 शहरों से हैं। यह वृद्धि केवल महानगरीय शहरों तक ही सीमित नहीं है बल्कि उप-नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखी जा सकती है।

## मालाबार ने उत्तराखंड में किया प्रवेश

**देहरादून।** मालाबार ने उत्तराखंड में प्रवेश किया है। मंत्री गणेश जोशी ने उत्तर क्षेत्र में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के 24वें स्टोर का शुभारंभ किया। राजपुर रोड पर मंत्री गणेश जोशी ने प्रथम मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के स्टोर के शुभारंभ के मौके पर कहा कि आज से नहीं हमारी प्राथमिक परंपराओं में देवी देवताओं का श्रृंगार आभूषण से होता है। मालाबार ग्रुप के अध्यक्ष एमपी अहमद ने कहा,उत्तराखंड की



सांस्कृतिक विरासत देश दुनिया में अपना अलग स्थान रखती है। मालाबार भी हमारी विशिष्ट दस्तकारी,गुणवत्ता, पारदर्शिता, ग्राहक संतुष्टि और विशिष्ट ज्वेलरी खरीदी अनुभव के साथ देहरादून के ग्राहकों की सेवा करने के लिए उत्साहित है। कंपनी 'फेयर प्राइस प्रॉमिसश भी ऑफर करती है, जो ज्वेलरी के लिए फेयर और रीजनेबल मेकिंग चार्ज पर फोकस के साथ ग्राहकों को उनकी मनी का बेस्ट वैल्यू प्रदान करती है। इस मौके पर मेयर राजपुर विधायक खजान दास, मेयर सुनील उनियाल गामा,चेयरमैन एमपी अहमद,स्टेट हैड अक्षय,मैनेजर संजीव आदि उपस्थित रहे।

## सीतारमण ने जी-20 विशेषज्ञ समूह से एमडीबी को मजबूत करने पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां जी-20 स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह (आईईजी) से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करने पर चर्चा हुई।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर दी जानकारी में बताया कि सीतारमण ने नई दिल्ली में जी-20 स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह से मुलाकात की। इस दौरान बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करने पर चर्चा हुई। इस दौरान आईईजी के सह-संयोजक पूर्व अमेरिकी वित्त मंत्री लॉरेंस समर्स और 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह और अन्य मौजूद रहे।



भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने आईईजी की स्थापना हुई है, जिसमें एमडीबी को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। समूह की रिपोर्ट के पहले खंड को इस महीने की शुरुआत में नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में जी-20 नेताओं ने स्वीकार किया था। मंत्रालय ने बताया कि जी-20 स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह इस समय भारत में अपनी रिपोर्ट के दूसरे खंड पर काम कर रहे हैं, जिस पर माराकेच में होने वाली आईएमएफ, विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के मौके पर होने वाली जी-20 बैठक में चर्चा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत चौथी और अंतिम वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की बैठक अगले महीने मोरक्को में होने वाली है।

## हरदीप पुरी सोमवार को पहली हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल बस को दिखाएंगे हरी झंडी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मामलों के मंत्री हरदीप पुरी सोमवार 25 सितंबर को राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर पहली ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन सेल बस को हरी झंडी दिखाएंगे।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि हरदीप पुरी 25 सितंबर को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर पहली ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन सेल बस को हरी झंडी दिखाएंगे। बस को सुबह 10:15 बजे नेताजी सुभाषचंद्र बोस प्रतिमा, शाहजहां रोड, इंडिया गेट पर हरी झंडी दिखाई जाएगी। मंत्रालय के मुताबिक इंडियन ऑयल ने दिल्ली, हरियाणा और यूपी में चिन्हित मार्गों पर ग्रीन हाइड्रोजन द्वारा संचालित 15 ईंधन सेल बसों का परिचालन परीक्षण करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यक्रम



के तहत 2 ईंधन सेल बसों का पहला सेट 25 सितंबर को इंडिया गेट से लॉन्च किया जा रहा है। यह हरित गतिशीलता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है कि हरित हाइड्रोजन का उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करके किया जाता है। यह कम कार्बन और आत्मनिर्भर आर्थिक मार्गों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत की पहली हाइड्रोजन ईंधन सेल बस सर्विस लेह और लद्दाख में शुरू होने वाली है, जो पर्यावरण-अनुकूल परिवहन के एक नए युग की शुरुआत करेगी।

## एपल, सैमसंग जैसी कंपनियों को राहत, बिना लाइसेंस एक साल और आयात कर सकेंगे कंप्यूटर, लैपटॉप

**नई दिल्ली।** भारत सरकार लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर के आयात के लिए लाइसेंस की अनिवार्यता की समयसीमा को और एक साल तक बढ़ा सकती है। सरकार के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। एपल, सैमसंग और लेनोवो जैसी बड़ी कंपनियों के लिए बहुत राहत की बात होगी।

सरकार ने तीन अगस्त को अचानक बिना लाइसेंस इलेक्ट्रानिक उपकरणों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसका मकसद खराब गुणवत्ता वाले लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटरों के देश में आने से रोकना और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना था। इससे बड़ी कंपनियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था।

उद्योग जगत के विरोध के बाद सरकार ने इस योजना को लागू करने की समयसीमा तीन महीने बढ़ा दी थी। सूत्रों के मुताबिक, अब सरकार ने एक बार इसके क्रियान्वयन की समय सीमा को एक साल बढ़ा दी है। इसका मतलब है कि अगले साल सितंबर तक बिना लाइसेंस के लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर आयात किए जा सकेंगे।

**जल्दी रिफंड चाहिए तो आयकर विभाग को दें बकाया की जानकारी**

इधर, आयकर विभाग ने करदाताओं से कहा है कि अगर



उनको जल्दी रिफंड चाहिए तो वे पहले के बकाये के संबंध में विभाग को जानकारी दें। सोशल मीडिया पर विभाग ने कहा, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए रिफंड को जल्दी पूरा करने के लिए उसके पहले के बकाये के संबंध में जो भी जानकारी मांगी जा रही है, उसे तुरंत देना चाहिए। कुछ करदाताओं को पहले के बकाये के संबंध में नोटिस मिला था। इस पर इन लोगों ने आयकर विभाग से सोशल मीडिया पर सवाल किया था। इसके जवाब में विभाग ने कहा, यह करदाताओं के लिए एक अच्छा उपाय है जहां उनको न्याय दिलाने के लिए एक अवसर दिया जा रहा है। ऐसे में उनको मदद करनी चाहिए।

**पांच लाख करोड़ रुपये तक पहुंचेगी सेमीकंडक्टर की मांग**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आने वाले समय में सेमीकंडक्टर की मांग बढ़कर पांच लाख करोड़ रुपये होगी। यह अभी दो लाख करोड़ रुपये है। माइक्रोन के प्लांट से पहले चिप का उद्घाटन दिसंबर, 2024 से होगा। दो बड़े सेमीकंडक्टर प्रस्ताव प्रक्रिया में हैं। आने वाले कुछ महीनों में इन पर फैसला हो जाएगा। गुजरात के साणंद में माइक्रोन के सेमीकंडक्टर प्लांट के भूमिपूजन पर वैष्णव ने कहा कि परियोजनाएं एक विशेष क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करेंगी, जहां भारत वैश्विक स्तर पर चिप के क्षेत्र में एक अगुवा के रूप में उभर सकता है। वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनियां इस क्षेत्र में भारत की प्रगति और जटिल नीतिगत निर्णयों को क्रियान्वित करने की क्षमता को देख रही हैं। इसने भारत को एक प्रमुख विश्वसनीय देश के रूप में विकसित किया है।

## हर वक्त 'कश्मीर-कश्मीर' का राग अलापने वाले पड़ोसी देश में कंगाली और बढ़ी, विश्व बैंक ने ये कहा

**वाशिंगटन।** दुनिया के प्रमुख मंचों पर बार-बार कश्मीर का राग अलापने वाले पाकिस्तान की हालत सुधरने का नाम नहीं ले रही है। विश्व बैंक ने कहा है कि पाकिस्तान में पिछले वित्त वर्ष में गरीबी बढ़कर 39.4 प्रतिशत हो गई और खराब आर्थिक स्थिति के कारण 12.5 करोड़ और लोग इसके जाल में फंस गए। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार वाशिंगटन स्थित बैंक ने शुक्रवार को मसौदा नीति नोट जारी किया जिसे उसने नए चुनाव चक्र से पहले पाकिस्तान की अगली सरकार के लिए सभी हितधारकों की मदद से तैयार किया है। विश्व बैंक के अनुसार, पाकिस्तान में गरीबी एक साल के भीतर 34.2 प्रतिशत से बढ़कर 39.4 प्रतिशत हो गई, जिसमें 12.5 मिलियन अधिक लोग 3.65 डॉलर प्रति दिन की आय स्तर की गरीबी रेखा से नीचे आ गए। इसमें कहा गया है कि करीब 9.5 करोड़ पाकिस्तानी अब गरीबी में जी रहे हैं। पाकिस्तान के लिए विश्व बैंक के प्रमुख अर्थशास्त्री टोबियास हक ने कहा कि देश का आर्थिक मॉडल अब गरीबी को कम नहीं कर रहा है, और जीवन स्तर समकक्ष देशों की तुलना में और नीचे गिर गया है। वैश्विक ऋणदाता ने पाकिस्तान से कृषि और अचल संपत्ति पर कर लगाने के लिए तत्काल कदम उठाने और अर्थव्यवस्था के 7 प्रतिशत से




अधिक के राजकोषीय समायोजन के माध्यम से आर्थिक स्थिरता प्राप्त करने के प्रयास में व्यर्थ व्यय में कटौती करने का आग्रह किया।

**अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए विश्व बैंक ने दिए सुझाव**

गरीबी में वृद्धि को जमीनी वास्तविकताओं के अनुरूप बताते हुए विश्व बैंक ने कम मानव विकास, अस्थिर राजकोषीय स्थिति, अति-विनियमित निजी क्षेत्र, कृषि और ऊर्जा क्षेत्रों को अगली सरकार के लिए सुधारों के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के रूप में पहचाना है। इसमें कर-जीडीपी अनुपात में तत्काल पांच प्रतिशत की वृद्धि और व्यय में जीडीपी के करीब 2.5 प्रतिशत की कटौती का प्रस्ताव किया गया है, जिसका उद्देश्य अस्थिर अर्थव्यवस्था को विवेकपूर्ण राजकोषीय रास्ते पर वापस लाना है। सरकारी राजस्व को मजबूत करने पर ऋणदाता के नोट में कर छूट को वापस लेने और रियल एस्टेट और कृषि क्षेत्रों पर करों का बोझ बढ़ाने के माध्यम से राजस्व-जीडीपी अनुपात में 5 प्रतिशत तक सुधार करने के लिए कई उपाय बताए हैं।

**चुनाव की सही तारीख बताना फिलहाल संभव नहीं: पाकिस्तानी चुनाव आयोग**

पाकिस्तान के राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव आयोग से सटीक मतदान तिथि की मांग किए जाने के एक दिन बाद पाकिस्तान के शीर्ष चुनाव निकाय ने कहा है कि तकनीकी कारणों से आम चुनाव की सही तारीख बताना संभव नहीं है। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने गुरुवार को घोषणा की थी कि चुनाव ÷जनवरी 2024 के अंतिम सप्ताह÷ में आयोजित किए जाएंगे, जिसके बाद आगामी चुनावों के लिए एक विशिष्ट तारीख की घोषणा करने में विफल रहने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। ईसीपी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आम चुनाव की तारीख के लिए आधिकारिक घोषणा करना तकनीकी रूप से संभव नहीं है। डॉन अखबार की शनिवार की खबर के अनुसार, उन्होंने कहा कि ऐसा करने से एक औपचारिक प्रक्रिया शुरू करने की जरूरत होगी, जिसमें चुनाव से पहले विशिष्ट समयसीमा का पालन करना जरूरी होगा।

## एक करोड़ सरकारी कर्मियों-पेंशनरों को 4 फीसदी मिलेगा डीए-डीआर, कब गठित होगा 8वां वेतन आयोग

**मोहाली ।** केंद्र सरकार में लगभग एक करोड़ कर्मचारियों और पेंशनरों को पहली जुलाई से 4 फीसदी डीए वृद्धि की सौगात मिलेगी। राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) स्टाफ साइड की बैठक में %ओपीएस% का मुद्दा रखने वाले अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) के महासचिव सी.श्रीकुमार का कहना है कि इस बार कर्मियों का डीए 46 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा। ऐसा कोई कारण नजर नहीं आता, जिसके चलते केंद्र सरकार, डीए में चार फीसदी की बढ़ोतरी न करे। कर्मचारी संगठनों को पूरी उम्मीद है कि सरकार, डीए को मौजूदा दर को 46 प्रतिशत पर ले जाएगी। इसके बाद जनवरी 2024 में जब चार फीसदी बढ़ोतरी के साथ, महंगाई भत्ता 50त्र होगा तो केंद्र सरकार के समक्ष, दमदार तरीके से 8वें वेतन आयोग के गठन का प्रस्ताव



रखा जाएगा। सम्भव है कि केंद्रीय कैबिनेट की आगामी बैठक में डीए बढ़ोतरी की घोषणा हो जाएगी।

**गत वर्ष दीवाली से पहले मिला था डीए/डीआर**

बता दें कि केंद्रीय कैबिनेट ने पिछले साल 28 सितंबर को डीए की दरों में चार फीसदी बढ़ोतरी की घोषणा की थी। केंद्र सरकार के कर्मियों और पेंशनरों को दीवाली से पहले महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत का तोहफा मिल गया था। वह भत्ता पहली जुलाई 2023 से जारी हुआ था। उस वक्त 34 प्रतिशत की दर से मिल रहा महंगाई भत्ता 38 प्रतिशत हो गया था। उसके बाद जनवरी 2023 से उक्त भत्ते में दोबारा से चार फीसदी की वृद्धि हो गई। मौजूदा समय में महंगाई भत्ता, 42 प्रतिशत की दर से मिल रहा है। अगर जुलाई 2023 से बढ़ने वाले भत्ते में भी चार प्रतिशत की वृद्धि होती है और जनवरी 2024 में भी इसमें चार फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज होती है तो उस वक्त डीए वृद्धि का ग्राफ पचास फीसदी हो जाएगा। सातवें वित्त आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर ऐसा होता है तो बाकी के भत्ते भी स्वत: ही 25 प्रतिशत बढ़ जाएंगे। वेतन का ढांचा भी बदल जाएगा।

**'पे' रिवाइज के लिए दस साल का इंतजार जरूरी नहीं**

सी. श्रीकुमार बताते हैं, संसद में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा था कि आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन की कोई योजना नहीं है। केंद्र सरकार इस संदर्भ में विचार नहीं कर रही। ये सरकार की मनमर्जी ही तो है। सातवें वेतन आयोग ने सिफारिश की थी कि केंद्र में 'प'रिवाइज हर दस साल में ही हो, यह जरूरी नहीं है। इस अवधि का इंतजार करने की आवश्यकता नहीं है। यह पीरियोडिकल भी हो सकता है। हालांकि पे कमीशन ने इसकी कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं दी है कि कब और कितने समय बाद वेतन आयोग गठित होना चाहिए। कुछ माह बाद डीए 50 प्रतिशत के पार होने जा रहा है। ऐसे में नए डीए और एचआरए की संभावना बनना तय है। पिछला वेतन आयोग 2013 में गठित हुआ था। उसके तीन साल बाद आयोग की सिफारिशें लागू हुई। उस हिसाब से 2026 में वेतन रिवाइज होना चाहिए। इसके लिए 2023 में आयोग का गठन हो।

## हाई स्पीड ट्रेन चलाने की तैयारी, अश्विनी वैष्णव ने बताया, साणंद-अहमदाबाद के बीच होगी शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारत में ट्रेन से ट्रैवल करना बेहद अहम यातायात का साधन है। हर रोज लाखों की संख्या में लोग ट्रेन से देश में यात्रा करते है। ट्रेन लंबी दूरी की यात्रा हो या छोटी यात्रा दोनों ही तरह के सफर के लिए किफायती होने के साथ सहूलियत भरी होती है। रेलवे की तरफ से यात्रियों की सुविधा के लिए कई तरह की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी बीच रेलवे में यात्रा करने वाले यात्रियों को खुशखबरी केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी है। जानकारी के मुताबिक अब अहमदाबाद और साणंद के बीच हाई स्पीड ट्रेन की शुरुआत की जाएगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ये हाईस्पीड ट्रेन अगले छह महीने में चलने लगेगी। ये घोषणा अश्विनी वैष्णव ने सेमीकंडक्टर कंपनी माइक्रॉन के संयंत्र की आधारशिला रखने के लिए आयोजित कार्यक्रम की है। इस दौरान उन्होंने ये भी घोषणा की कि वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज साणंद को भी बनाया जाएगा।

## ‘अगर जेलेंस्की बातचीत को तैयार नहीं तो क्या रूस यूक्रेनी सरकार से बात करे’, रूसी विदेश मंत्री का बयान

**मास्को।** रूस-यूक्रेन के खिलाफ खींचतान लगातार जारी है। दोनों देश एक दूसरे के खिलाफ आक्रामक हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासभा में शामिल होने न्यूयॉर्क पहुंचे रूसी विदेश मंत्री ने टिप्पणी की। उन्होंने यूक्रेन के साथ-साथ अमेरिका पर भी खुले तौर पर हमला किया। उनका कहना है कि जेलेंस्की दुनिया भर में सिर्फ पैसा और हथियार ही मांग रहे हैं।



संयुक्त राष्ट्र महासभा में शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि शांति के लिए यूक्रेन का व्यवहार यथार्थवादी है। अगर जेलेंस्की रूस के साथ बातचीत को रोकने वाले अपने आदेश वापस लेगा तो क्या रूस यूक्रेनी सरकार से बात करेगा। जेलेंस्की दुनिया भर में सिर्फ पैसे और हथियार मांग रहे हैं। लावरोव ने कहा कि यूक्रेन का समर्थन करने वाली सरकारें दुनिया को लोकतंत्र और निरंकुशता में विभाजित करने के प्रयासों में शामिल थीं। अमेरिका और उसके अधीनस्थ पश्चिमी समूह लगातार संघर्ष को बढ़ावा दे रहे हैं। यह मानवता को विभाजित करता है। उनका कहना है कि आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच विश्वास बहाली का समय आ गया है। रूसी सेना इसके लिए तैयार है और वह मदद करेगी।

## नाबालिग बेटी ने की दरिंदे पिता की गोली मारकर हत्या, तीन महीने से कर रहा था दुष्कर्म

**पंजाब प्रांत।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक चौंकाने वाली घटना में 14 वर्षीय नाबालिग लड़की ने अपने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, पिता पिछले तीन महीने से अपनी नाबालिग बेटी का यौन शोषण कर रहा था। जिससे तंग आकर लड़की ने शनिवार को गोली मारकर पिता की हत्या कर दी। यह घटना लाहौर शहर के गुज्जरपुरा इलाके में हुई। लड़की ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि उसका पिता पिछले तीन महीने से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी सोहेल काजमी ने कहा, लड़की ने बताया कि वह अपने पिता की दरिंदे से तंग आ चुकी थी। इसलिए उसने दरिंदे पिता को मारने का फैसला किया और उसकी बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी। काजमी ने बताया कि गोली लगने से लड़की के पिता की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि सभी पहलुओं की जांच के बाद लड़की के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। बता दें, शुक्रवार को ही पाकिस्तान की एक अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के आरोप में मौत की सजा सुनाई थी। इसके एक दिन बाद यह घटना सामने आई।



## विदेश मंत्री ने की भारत में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन की तारीफ, UNGA पर कही यह बात

**ढाका।** भारत ने जी20 शिखर सम्मेलन-2023 का आयोजन किया, जिसके लिए वैश्विक स्तर पर भारत की सराहना की जा रही है। इस बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्री ने भी भारत के कसीदे पढ़े। उन्होंने कहा कि भारत में जी20 अपने चरम पर था। इससे सदस्यों में वास्तविक उत्साह पैदा किया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. एके अब्दुल मोमन ने शनिवार को कहा कि भारत में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन काफी स्पष्ट था। खास तौर पर भारत का प्रबंधन, जो बढ़िया था। उन्होंने कहा कि हमें इस पृथ्वी को बचाना है। भारत ने बेहतर तरीके से पृथ्वी, परिवार और भविष्य का आयोजन किया। इस मुद्दे पर सार्थक चर्चा की गई। हालांकि, सतत विकास का लक्ष्य अब भी बड़ा मुद्दा है। भारत में जी20 के आयोजन के कारण सदस्यों में उत्साह था। बांग्लादेशी मंत्री मोमन ने कहा कि हमें 78वें यूएनजीए से बहुत उम्मीदें हैं। आज पूरा विश्व बंटा हुआ है। हालांकि, बांग्लादेश बहुपक्षवाद के रास्ते पर है। हमारे सामने जलवायु परिवर्तन, महंगाई और खाद्य असुरक्षा जैसी कई चुनौतियां हैं। इस समय वैश्विक परमाणु युद्ध का खतरा है। संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्था बातचीत और चर्चा के माध्यम से तमाम मुद्दों को हल कर सकती है।

# पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मालगाड़ी से टकराई यात्री ट्रेन, दुर्घटना में कम से कम 31 घायल

**पंजाब प्रांत ।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रविवार को एक यात्री ट्रेन मुख्य रेलवे लाइन पर खड़ी एक मालगाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में कम से कम 31 लोग घायल हो गए। बता दें, दुर्घटना शेखपुरा जिले में किला सत्तार शाह स्टेशन के पास हुई।

बताया जा रहा है कि मियांवाली से लाहौर जा रही यात्री ट्रेन उसी पटरी पर यात्रा कर रही थी, जहां पहले से ही एक मालगाड़ी खड़ी थी। ट्रेन चालक ने हादसे न हो इसके लिए काफी कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। बचावकर्मियों ने बताया कि दुर्घटना में 31 यात्री घायल हो गए। इनमें से पांच को जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना की जांच शुरू कर दी गई है। ट्रेन चालक इमरान सरवर और उसके



सहायक मुहम्मद बिलाल सहित चार रेलवे अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद लाहौर मंडल में ट्रेन परिचालन सुचारू रूप से चल रहा है। पटरी को साफ कर दिया गया है। इसके अलावा, उप प्रधान अधिकारी के नेतृत्व में एक जांच आयोग का गठन किया गया है, जो 24 घंटे के अंदर घटना पर अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। रेलवे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शाहिद अजीज ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने घटना पर दुख जताया और दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।पिछले एक दशक में, पाकिस्तान में कई घातक ट्रेन दुर्घटनाएं हुई हैं। इस साल अगस्त में कराची से 56 किलोमीटर दूर सिंध प्रांत के नवाबशाह जिले में सहारा रेलवे स्टेशन के पास हवेली जा रही हजारा एक्सप्रेस की 10 बोगियां पटरी से उतर गई थीं, जिसमें कम से कम 275 लोगों की मौत हो गई थी और एक दर्जन अन्य घायल हो गए थे।

## अटलांटा में एक बार फिर गोलीबारी की घटना, किशोर समेत तीन की मौत



**अटलांटा।** अमेरिका में जॉर्जिया की राजधानी अटलांटा में एक शॉपिंग मॉल के पास (स्थानीय समयानुसार) को गोलीबारी हुई। घटना में एक किशोर सहित तीन लोगों की मौत हो गई।

दक्षिण पश्चिम अटलांटा में इवांस स्ट्रीट पर स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब डेढ़ बजे एक व्यक्ति को गोली मारे जाने की सूचना मिली। इसके बाद अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, तीन पीड़ितों में से एक ने गोलीबारी की घटना की शुरुआत की। पहले उन दो लोगों के पास पहुंचा और गोली चला दी। पुलिस ने बताया कि उनमें से एक ने पिस्तौल निकालकर जवाबी गोलीबारी की। रिपोर्ट के अनुसार, यह तीनों पुरुष थे। इनमें से एक की उम्र 17 साल, दूसरे की करीब 20 साल, जबकि तीसरे की उम्र 30 साल के आसपास थी। पुलिस ने फिलहाल आरोपियों की पहचान उजागर नहीं की है।

## ‘हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की खुफिया जानकारी कनाडा को अमेरिका ने ही दी थी’, शीर्ष राजनयिक ने स्वीकारा

**वाशिंगटन।** हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की खुफिया जानकारी अमेरिका ने ही कनाडा को दी थी। इसके बाद कनाडा ने भारतीय अधिकारियों के बीच हुई बातचीत को इंटरसेप्ट करके भारत पर निज्जर की हत्या में शामिल होने का गंभीर आरोप लगा दिया। जिसे लेकर भारत और कनाडा के संबंधों में तनाव आ गया है। अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने यह दावा किया है।

**फाइव आइज देशों में हुई खुफिया जानकारी साझा**

रिपोर्ट्स में कहा गया है कि कनाडा में मौजूद शीर्ष राजनयिक ने इसकी पुष्टि की है कि फाइव आइज संगठन के सदस्य देशों के बीच खुफिया जानकारी साझा हुई थी। बता दें कि फाइव आइज संगठन में अमेरिका, कनाडा के साथ ही ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया भी साझेदार हैं। एनवाईटी की रिपोर्ट्स के अनुसार, निज्जर की हत्या के बाद अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने अपने कनाडाई समकक्षों को अहम जानकारी दी थी, जिससे कनाडा को यह निष्कर्ष निकालने में मदद मिली कि भारत इसमें शामिल था। कनाडा में अमेरिका के राजदूत डेविड कोहेन ने भी एक मीडिया इंटरव्यू में यह बात स्वीकार की थी कि 'फाइव आइज भागीदारों के



बीच साझा खुफिया जानकारी में ट्रूडो को कनाडाई नागरिक की हत्या में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता के बारे में सूचित किया था। इस बारे में कनाडा और अमेरिका के बीच काफी बातचीत हुई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों ने कनाडाई समकक्षों को बताया था कि वॉशिंगटन के पास साजिश की कोई अग्रिम जानकारी नहीं थी और अगर उनके पास सूचना होती तो कनाडाई अधिकारियों को इस बारे में सूचित किया जाता। उल्लेखनीय है कि कनाडा सरकार ने हरदीप सिंह निज्जर को भी उसकी जान पर संभावित खतरे को लेकर सूचित किया था। हालांकि उसे ये नहीं बताया गया था कि यह हमला भारत सरकार की तरफ से हो सकता है। कनाडा में अमेरिका के राजदूत कोहेन ने कहा कि 'अमेरिका इन आरोपों को बहुत गंभीरता से लेता है। अगर ये सच साबित हुए तो यह नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का गंभीर उल्लंघन है, जिसमें हम काम करना पसंद करते हैं।' बता दें कि जून में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। बीते दिनों कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने वहां की संसद में आरोप लगाया कि इस हत्या में भारत शामिल हो सकता है।

## कनाडा विवाद पर ब्रिटिश कोलंबिया के सीएम बोले, ट्रूडो कुछ छिपा रहे या बताने को ठोस नहीं

**लंदन।** ब्रिटिश कोलंबिया के प्रीमियर (मुख्यमंत्री) डेविड एबी ने निज्जर हत्याकांड मामले में कनाडा की संघीय सरकार के रवैये पर निराशा जताते हुए कहा कि या तो पीएम जस्टिन त्रूदो के नेतृत्व वाली संघीय सरकार इस मामले में कुछ छिपा रही है, अथवा बताने के लिए उनके पास कुछ ठोस नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अब तक भारत पर जो भी आरोप लगाए हैं, उनसे जुड़े कोई पुख्ता सबूत या खुफिया जानकारी किसी के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि असल में त्रूदो जिन्हें सबूत बता रहे हैं वे सभी बातें इंटरनेट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया चूंकि निज्जर की हत्या उन्हीं के राज्य में हुई, लिहाजा प्रदेश के लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर उन्होंने कनाडाई सुरक्षा व खुफिया सेवा (सीएसआईएस) के निदेशक से भी बात की, लेकिन उन्होंने भी कोई ऐसी अलग जानकारी नहीं दी, जो इंटरनेट, टीवी और अखबारों में उपलब्ध नहीं हो। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर खुफिया सेवा किसी कानूनी वजह से हमें जानकारी नहीं दे रही है, तो हम प्रधानमंत्री से मांग करते



हैं कि ऐसी कानूनी बाध्यताओं को खत्म किया जाए, जो लोकहित से जुड़ी सूचनाओं के निर्बाध आदान-प्रदान को रोकते हैं। एबी ने दावा किया कि उन्होंने पीएम त्रूदो से भी इस मुद्दे पर बात की, लेकिन वहां से भी उन्हें ऐसा कुछ भी नहीं बताया गया, जिसके आधार पर वे तय कर सकें कि राज्य में लोगों को किसी से खतरा है। एबी की टिप्पणियों को त्रूदो के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। कनाडा में भारत के पूर्व राजदूत व विदेश मंत्रालय के सचिव रह चुके विकास स्वरूप ने कहा कि त्रूदो की गैरजिम्मेदाराना हरकत की वजह से पैदा हुए कूटनीतिक विवाद के समाधान के लिए कनाडा को पीछे हटना होगा। कनाडा के अल्बर्टा स्थित फेयरमोंट बैंफ में आयोजित ग्लोबल बिजनेस फोरम के दौरान उन्होंने कहा, एक आतंकी की हत्या का झूठा आरोप लगाकर कनाडा की तरफ से भारत के साथ रिश्तों को दांव पर लगाना समझ से परे हैं। उधर, भारतीय राजनयिक का निष्कासन दोहरा चरित्र रहा।

# ऑस्ट्रेलिया का भी भारत की स्थायी सदस्यता को समर्थन, पेनी वोंग बोलीं- सुरक्षा परिषद में सुधार बेहद जरूरी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधारों का आह्वान करते हुए ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने भारत और जापान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाए जाने का समर्थन किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में अपने संबोधन के दौरान वोंग ने अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया के लिए अधिक स्थायी और अस्थायी प्रतिनिधित्व पर जोर दिया। पेनी वोंग ने अफ्रीकी संघ के नेतृत्व वाले अभियानों के तहत यूएनएससी में योगदान के लिए सुरक्षा परिषद में सुधारों को बेहद जरूरी बताया।



**नया प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें**

ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री ने कहा, शांति-सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के कारण ऑस्ट्रेलिया 2029-30 के लिए सुरक्षा परिषद में सीट चाहता है और यही कारण है कि हम सुरक्षा परिषद में सुधारों को आगे बढ़ा रहे हैं। हमें भारत-जापान के लिए स्थायी सीटों सहित अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, एशिया के लिए अधिक स्थायी व गैर-स्थायी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना चाहिए।

**जी-20 नेताओं के समक्ष मोदी ने रखा मुद्दा**

वैश्विक व्यवस्थाओं में सुधार भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगातार वैश्विक मंच पर उठाया जाने वाला मुद्दा रहा है। नई दिल्ली में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भी पीएम मोदी ने वैश्विक प्रणालियों को मौजूदा वास्तविकताओं के अनुसार बनाने के अपने रुख को दोहराया।

# भारत दुनिया की चौथी सैन्य शक्ति तो कनाडा 27वीं, तीनों सेनाओं की ताकत में भी कोसों दूर विरोधी

**टोरंटो।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा और भारत के बीच कूटनीतिक विवाद छिड़ा हुआ हैइ इसकी शुरुआत कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के एक बयान से हुई, जिसमें उन्होंने निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर आरोप लगाए थे। भारत ने इन आरोपों को सिरे से नकार दिया है और आतंकियों के लिए इसे सुरक्षित अड्डा न बनने देने की सलाह भी दी है।

दो देशों के बीच जारी कूटनीतिक विवाद गहराता जा रहा है। जब भी दो देशों में तनाव होता है, तो उनके ताकत की चर्चा जरूर होती है। यही ताकत ही होती है जो दुनिया के देशों से उसको समर्थन दिलाती है। लिहाजा हम आपको बताते हैं भारत-कनाडा की सैन्य ताकत क्या है?

**सैन्य ताकत**

सैन्य शक्ति के मामले में भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश है। हाल ही में वैश्विक रक्षा संबंधी जानकारी पर नजर रखने वाली डाटा वेबसाइट ग्लोबल फायरपावर ने दुनिया की सबसे शक्तिशाली सैनिकों की सूची जारी की थी। 'सैन्य ताकत सूची 2023' के अनुसार, 145 देशों में अमेरिका के पास दुनिया की सबसे मजबूत सैन्य शक्ति है। इस सूची में रूस दूसरे और चीन तीसरे स्थान पर है। वहीं, भारत का इस सूची में चौथा स्थान है।



हमारे देश का एनेक्स स्कोर 0.1025 है जहां 0.0000 का स्कोर 'परफेक्ट' माना जाता है। वहीं कनाडा की बात करें तो यह भारत के सामने कहीं नहीं ठहरता। हालिया सूची में 145 देशों में से कनाडा की रैंक 27वीं है। इसका इंडेक्स स्कोर भारत से बहुत कम महज 0.3956 ही है।

**मैनपॉवर**

ग्लोबल फायरपावर के आंकड़ों के अनुसार, भारत में सैन्य सेवा के लिए करीब 37 फीसदी आबादी उपयुक्त है। 2,36,23,837 भारतीय हर साल सैन्य आयु तक पहुंचते हैं। देश में अनुमानित सैन्यकर्मियों की संख्या 51,32,000 है। इसमें से 14,50,000 सैन्य कर्मी हैं जबकि रिजर्व कर्मी 11,55,000 हैं। भारत में अर्धसैनिक बलों की संख्या 25,27,000 है। वहीं सेना में 21,97,117 जवान हमारे देश की सेवा कर रहे हैं। इसके अलावा नौसेना और वायुसेना के कर्मियों की संख्या क्रमशः 1,42,252 और 3,10,575 है।

कनाडा के मैनपॉवर की बात करें तो इसमें भी यह भारत से काफी पीछे है। इसकी कुल आबादी के करीब 35 फीसदी लोग ही सैन्य ताकत का हिस्सा बनने की योग्यता रखते हैं। यहां सालाना 4,20,559 लोग सेना में भर्ती होने के लिए काबिल होते हैं। कनाडा में कुल 94,500 सशस्त्र सैन्यकर्मी हैं। इनमें से 70,000 सक्रिय कर्मी हैं जबकि रिजर्व कर्मी 19,000 हैं। यहां अर्धसैनिक बल 5,500, वायु सेना कर्मी 15,620, सैन्य कर्मी 42,000 और नौसेना कर्मी 15,700 हैं।

**हवाई ताकत**

ग्लोबल फायरपावर के मुताबिक, देश की वायुसेना की ताकत आंकें तो भारत के पास 2,210 विमानों का स्टॉक है। हमारे पास 577 लड़ाकू विमान हैं, जबकि आक्रमण विमान बेड़े का स्टॉक 130 है। हमारे परिवहन बेड़े की ताकत 98 है। इसके अलावा भारतीय वायुसेना के पास प्रशिक्षक विमान 353, विशेष-मिशन विमान 73, टैंकर बेड़ा 6, हेलीकॉप्टर 807 और आक्रमण हेलीकॉप्टर 36 हैं।

कनाडा की हवाई ताकत पर गौर करें तो इसमें भी देश भारत से काफी पीछे है। इसके पास 376 विमान वाहक जबकि 63 लड़ाकू विमान हैं। जहां भारत के पास 130 आक्रमण विमान बेड़े हैं तो वहीं कनाडा के पास एक भी नहीं है। इसके अलावा कनाडा के पास परिवहन बेड़े 28, प्रशिक्षक विमान 132, विशेष-मिशन विमान 27, हेलीकॉप्टर 120 और टैंकर बेड़े छह हैं। भारतीय वायुसेना के पास जहां आक्रमण हेलीकॉप्टर 36 हैं वहीं कनाडाई खेमा इसमें निल है।

**जमीनी ताकत**

भारतीय सेना की जमीनी ताकत कनाडा की तुलना में काफी ज्यादा है। हमारी थलसेना के पास 4,614 टैंक, 100,882 बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, 100 स्व-चालित तोपखाने, 3,311 ट्यूब तोपखाने और 1500 मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम (रॉकेट तोपखाने) हैं।

कनाडा की थल सेना हमारी जमीनी ताकत में भी कहीं नहीं टिकती। इसके पास बख्तरबंद लड़ाकू वाहन का स्टॉक 31,852 है। वहीं कनाडाई थलसेना के पास महज 82 टैंकों की ही ताकत है।

**समुद्री ताकत**

भारत की समुन्द्र वाली ताकत भी कनाडा से कई गुना ज्यादा है। हमारी नौसेना बेड़े की कुल ताकत 295 है। हमारे पास 138 गश्ती जहाज, 19 छोटे जहाज, 18 पनडुब्बियां, 12 युद्ध पोत, 11 विध्वंसक और दो विमान वाहक हैं। वहीं कनाडाई नौसेना बेड़े की कुल ताकत 61 है। इसके पास 12 युद्ध पोत, 12 गश्ती जहाज और चार पनडुब्बियां ही हैं।

## Nawaz Sharif योजना के मुताबिक लौटेंगे पाकिस्तान, भाई शहबाज बोले- रैली को भी करेंगे संबोधित

**इस्लामाबाद।** पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ की अगले महीने पाकिस्तान लौटने की योजना में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने कहा है कि उनके बड़े भाई 'प्रगति का एजेंडा' पेश करेंगे। लंदन में अपने निर्वासन को समाप्त करते हुए 73 वर्षीय नवाज तीन बार प्रधानमंत्री भी रह चुके हैं। 21 अक्टूबर को पाकिस्तान लौटने और जनवरी में होने वाले आम चुनाव में पीएमएल-एन पार्टी का नेतृत्व करने की उम्मीद है। उन्होंने 2019 में 'मेडिकल आधार' पर पाकिस्तान छोड़ दिया था।

## भारत की जी-20 अध्यक्षता को यूएनजीए प्रमुख ने सराहा, कंबोज बोलीं- ग्लोबल साउथ भारतीय संस्कृति का हिस्सा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में 'इंडिया-यूएन फॉर ग्लोबल साउथ: डिलीवरिंग फॉर डेवलपमेंट' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र महासभा (इन) के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत की जी-20 अध्यक्षता की सराहना की और कहा कि समूह में अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने के कारण भारत की हालिया जी-20 अध्यक्षता ऐतिहासिक साबित हुई। 'इंडिया-यूएन फॉर ग्लोबल साउथः डिलीवरिंग फॉर डेवलपमेंट' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फ्रांसिस ने कहा, अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में जी-20 समूह में शामिल करने के लिए भारत ने पहल की, जो ग्लोबल साउथ में एकजुटता और सहयोग का एक मजबूत प्रतीक है।

फ्रांसिस ने कहा कि भारत बेहतर और अधिक टिकाऊ दुनिया के वैश्विक मिशन में अद्वितीय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने भारत की योगदान की विरासत को मार्गदर्शक और लोकतंत्र को बढ़ावा देने, महिला नेतृत्व आधारित विकास को बढ़ावा देने जैसे प्रयासों को शामिल करने वाला बताया।

**जी20 की अध्यक्षता चुनौतीपूर्ण रही**

वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पूर्व-पश्चिम ध्रुवीकरण और उत्तर-दक्षिण विभाजन के कारण भारत की जी-20 की अध्यक्षता चुनौतीपूर्ण रही। जयशंकर ने कहा कि भारत यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता अपने मूल एजेंडे पर वापस आ सके। उन्होंने कहा, आपकी उपस्थिति हमारे लिए बहुत मायने रखती है। यह उन भावनाओं को भी व्यक्त करता है जो आप भारत के लिए महसूस करते हैं और दक्षिण-दक्षिण सहयोग के महत्व को रेखांकित करता है। हम यहां नई दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन के कुछ ही सप्ताह बाद मिल रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, वह एक चुनौतीपूर्ण शिखर सम्मेलन था। अध्यक्ष के रूप में हमारे लिए वास्तव में चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि हम तीव्र पूर्व-पश्चिम ध्रुवीकरण के साथ-साथ बहुत जटिल उत्तर-दक्षिण विभाजन का सामना कर रहे थे। लेकिन जी-20 के अध्यक्ष के रूप में हम यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत दृढ़ थे कि यह संगठन अपने मूल एजेंडे पर वापस आने में सक्षम है, जिस पर दुनिया ने वास्तव में इतनी उम्मीदें लगाई थीं। जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की जी-20 अध्यक्षता का मुख्य एजेंडा वैश्विक प्रगति और विकास था। उन्होंने कहा कि भारत ने ग्लोबल साउथ समिट की आवाज के साथ अपनी जी-20 अध्यक्षता की शुरुआत की थी। इसका मूल एजेंडा वैश्विक प्रगति और विकास का था। इसलिए यह उचित था कि हम ग्लोबल साउथ समिट की आवाज बनकर अपनी जी-20 अध्यक्षता की शुरुआत करें। जिसमें दक्षिण के 125 देश शामिल थे, जिनमें से अधिकांश ने किसी न किसी क्षमता में भाग लिया।सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि ग्लोबल साउथ से भारत का जुड़ाव सिर्फ नीतिगत नहीं है। हमारे बीच संस्कृति और दर्शन अंतर्निहित है। कोविड जैसे महामारी के दौर में भारत ने मदद का हाथ बढ़ाया और लगभग 100 देशों को टीके दिए और 150 देशों को दवाओं की सप्लाई की। भारत को वैश्विक फार्मेसी उपनाम दिया गया। भारत खुद से पहले अपने भागीदारों की जरूरतों को प्राथमिकता देता है। इसी वजह हमने 160 से अधिक देशों के दो लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 25 सितंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## महिला से एक करोड़ 12 लाख की ठगी मामले में चार गिरफ्तार

**रांची:** रांची के सुखदेव नगर थाना पुलिस ने एक करोड़ 12 लाख की ठगी मामले में चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में नवादा बिहार निवासी ज्योतिष कुमार, मोहन कुमार , अजीत कुमार और सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के इरगु टोली निवासी नीरज कुमार शामिल है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से 85 एटीएम कार्ड, 23 स्मार्ट फोन, 18 बैंक पासबुक , एक मॉडम, करीब एक लाख रुपया नगद , दो कार,तीन बाइक, एक लाख 39 हजार नगद बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अपराध शाखा एनार्कुलम केरल में 26 जुलाई को शोभा मेनन ने एफआईआर दर्ज कराया था। दर्ज एफआईआर में बताया गया था कि डेढ़ करोड़ की लॉटरी लगने के नाम पर कॉल कर महिला से एक करोड़ 12 लाख की ठगी की गई है। अपराध शाखा एनार्कुलम केरल के पदाधिकारी और सुखदेव नगर थाना पुलिस एवं तकनीकी शाखा की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर चारों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि लोगों को लॉटरी निकालने और अन्य तरह के प्रलोभन का झांसा देकर साइबर ठगी करते हैं। अपराधियों ने बताया कि ठगी का पैसा अकाउंट में ट्रांसफर करने के लिए विभिन्न राज्यों में जाली कागजातों के आधार पर बैंक अकाउंट खुलवाते हैं इ न्हीं अकाउंट में ठगी का पैसा ट्रांसफर करवा कर रांची के विभिन्न एटीएम से पैसे की निकासी करते हैं। इस गिरोह के कुछ सदस्य विभिन्न राज्यों में अकाउंट खुलवाकर प्रति बैंक अकाउंट 20 हजार अतिरिक्त पैसा लेते हैं। एक माह में इन अपराधियों की ओर से ठगी का करीब 70 से 75 लाख रुपए की निकासी इनके पास से बरामद बैंक खाता से किया गया है।

## पुलिस ने आंगन को खोदकर दफनाया महिला का शव निकाला

**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**
**ककवन** थाना क्षेत्र के उड्डा गांव में रविवार को घर के आंगन से खोदकर एक महिला का शव निकाला गया। महिला का पति हत्या के बाद शव को दफनाकर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर इन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि ककवन के उड्डा गांव के लोगों ने रविवार सुबह सूचना दी कि गांव के ही निवासी घनश्याम के घर का दरवाजा कुछ दिनों से बंद है।

# मप्र में कोटवारों का मानदेय होगा दोगुना: शिवराज

## स्वास्थ्य बीमा का लाभ भी मिलेगा: मुख्यमंत्री शिवराज

तोहफा

8 कोटवार महासम्मेलन में शामिल हुए, सेवानिवृत्ति पर एक लाख रुपये राशि देने समेत की कई घोषणाएं



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को भोपाल के लाल परेड मैदान पर कोटवारों के महासम्मेलन में अनेक घोषणाएं की। उन्होंने कोटवारों की मानदेय राशि में दोगुना तक वृद्धि की घोषणा करते हुए कहा कि कोटवारों के वेतन में हर साल न्यूनतम 500 रुपये की वृद्धि की व्यवस्था की जाएगी। ऐसे कोटवार जिनके पास सेवाभूमि नहीं है, उन्हें 4000 रुपये मासिक मिलते हैं। अब उन्हें 8000 रुपये मासिक मिलेंगे। जिन कोटवारों को 1000 रुपये मिलते हैं, उन्हें बढ़ाकर 2000 और जिन्हें 600 रुपये मिलते हैं, उन्हें 1200 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 10 एकड़ तक की सेवाभूमि वाले कोटवारों को भी न्यूनतम 1000 रुपये मानदेय दिया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री चौहान ने कोटवार महासम्मेलन का दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री मंच से उतरे और पुष्पवर्षा कर कोटवारों का स्वागत किया। उन्होंने मंच से कोटवारों का अभिनंदन करते हुए कहा कि ग्राम देवताओं जैसे होते हैं। जिस तरह ग्रामदेवता की पूजा के बिना कोई काम शुरू नहीं होता, उसी तरह कोटवारों की जानकारी के बिना गांवों में कोई काम आगे नहीं बढ़ता। उन्होंने कहा कि आप प्रशासन के लिए कर्णधार हैं। आपके पास गाँव की सभी जानकारी होती है, जिसके आधार पर कई कार्य सहजता से संपन्न हो जाते हैं। कोटवार गाँव के चलते-फिरते गूगल हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कोटवारों पर सौगातों की बरसात करते हुए कहा कि मैं सरकार नहीं परिवार चलाता हूं और इस परिवार का मुखिया होने के नाते हर वर्ग के सुख-दुख का ध्यान रखना मेरा धर्म है। उन्होंने यह घोषणा भी कि कि सभी कोटवारों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाएगा। कोटवारों की वर्दी का रंग भी अब खाकी होगा। कोटवारों को सेवानिवृत्ति पर अब एक लाख रुपये धनराशि प्रदान की जाएगी। हर कोटवार को सीयूजी मोबाइल सिम दी जायेगी और रिचार्ज की व्यवस्था भी शासन द्वारा किया जायेगा।

## बीजेपी को आ रही है सीएम चेहरा घोषित करने में शर्म: शिवराज

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**कांग्रेस** के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि बीजेपी को सीएम का चेहरा घोषित करने में शर्म आ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा शिवराज को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं करती है। अमित शाह, मोदी आएंगे तो किसके पक्ष में बोलेंगे। पार्टी का बोलेंगे लेकिन शिवराज के चेहरे पर नहीं बोलेंगे, यह दुख की बात है। कमलनाथ ने मोदी के भोपाल से जुड़े सवाल के जवाब में यह बात कही। वे आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित साहू तेलिक राठौर समाज के कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां कार्यक्रम से पहले पत्रकारों से चर्चा के दौरान कमलनाथ ने कई अन्य मुद्दों पर भी अपना जवाब दिया। सरकार के बार बार कर्ज लेने पर उन्होंने कहा कि सरकार ने कितने ठे-के दिए हैं। कितना एडवांस दिया है उसका हिसाब लगा लीजिए। सब ओपन है, कितनी रिश्वत ली है। मेरे पास पूरी जानकारी है। पाकिस्तान प्रेम के पोस्टर पर उन्होंने कहा कि मेरे राजनीतिक करियर में किसी ने उंगली नहीं उठाई है। इनको तो अब पाकिस्तान, खालिस्तान, अफगानिस्तान मिल जाएगा। ये लोग असलियत से ध्यान मोड़ना चाहते हैं। मेरे नाम से इनके पेट में दर्द होता है। कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची से जुड़े सवाल पर नाथ ने कहा कि सूची आती रहेगी, हम अभी इशारा कर देंगे। कल दिल्ली में भी बैठक है। वैसे भी बहुत जानकारी तो मिल ही जाती है।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित डी.ए.वी पी.जी कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 105वें संस्करण को सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डी.ए.वी पी.जी कॉलेज के स्मार्ट लाइब्रेरी स्थापना के कार्यों का शुभारंभ भी किया।

## 'राजस्थान के सभी उच्च विद्यालय जुड़ेंगे डिजिटल शिक्षा से'

**टीम एक्सन इंडिया/बीकानेर**
**राज्य के शि**क्षा मंत्री डॉ बी डी कल्ला ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में प्रदेश के समस्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों को आईसीटी से जोड़ कर डिजिटल शिक्षा की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। राज्य सरकार द्वारा अब तक 22 हजार स्कूलों में एल ई डी टीवी उपलब्ध करवाए गए हैं। डिस्काम गेस्ट हाउस में रविवार को शिक्षा विभाग तथा सम्पर्क फाउंडेशन द्वारा आयोजित एल ई डी वितरण कार्यक्रम में डॉ कल्ला ने 9 स्कूलों को डिजीटल टीवी और मय कन्टेंट डिवाइस सौंपी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा में डिजिटल प्रयोग से सुदूर क्षेत्रों में शिक्षा सुविधाओं में क्रांति आ सकेगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विषय शिक्षा को भी डिजिटल क्लासरूम के माध्यम से मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे दूर दराज के क्षेत्रों में तकनीकी विषयों के पाठ्यक्रम का अपडेटेड कंटेंट भी विद्यार्थियों को उपलब्ध हो सकेगा।

## घोड़ा लाइब्रेरी का जिक्र राज्यवासियों का उत्साहवर्धन करने वाला: महेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**प्रदेश** अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से शिक्षा से सेवा विचार रखने वाली घोड़ा लाइब्रेरी के जिक्र को राज्यवासियों का उत्साहवर्धन करने वाला बताया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 105 वें एपिसोड को व्यापक जनसहभागिता के साथ प्रदेश भर में बूथ स्तर पर सुना। प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने जसपुर के बूथ नं. 37 पर बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ इस कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज इस कार्यक्रम में नैनीताल के दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संचालित घोड़ा लाइब्रेरी का जिक्र समूचे देश के सामने किया। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ भाव से दर्जनों गांवों के बच्चों के मध्य ये युवा, इस चलती फिरती लाइब्रेरी को निशुल्क संचालित कर रहे हैं। घोड़ा लाइब्रेरी का जिक्र प्रदेशवासियों और देशवासियों को ऐसे शैक्षिक सामाजिक कार्यों को करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। पर्यटन के विभिन्न आयामों और किसी भी राज्य की आर्थिकी में पर्यटन व्यवसाय के योगदान को समझाया, उसका लाभ अन्य प्रदेश की तरह उत्तराखंड को भी अवश्य मिलेगा।

## जनता को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अटूट विश्वास: मौर्य



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में अटूट विश्वास है। यूपी में लोकसभा की 80 सीटों पर जीत दर्ज कर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता और जनता तैयार है। केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार स्वरोजगार सृजन के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में अमृत सरोवर' योजना के माध्यम से जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन, सिचाई, कृषि कार्यों को गति दी जा रही है।

## वन्दे भारत एक्सप्रेस में गूंजा वन्दे मातरम

**टीम एक्शन इंडिया/उदयपुर**
वंदे भारत एक्सप्रेस में रविवार को वंदे मातरम का जय घोष खूब गूंजा। पीएम मोदी के हरी झंडी दिखाने के साथ उदयपुर के सिटी रेलवे स्टेशन से जैसे ही वंदे भारत एक्सप्रेस रवाना हुई, वंदे मातरम का जय घोष गूंज उठा। गाड़ी में सवार यात्रियों ने भी जमकर वंदे मातरम का जयघोष लगाया।राजस्थान की तीसरी वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल कार्यक्रम में हरी झंडी दिखाई। दोपहर 12:30 बजे सिटी रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, जनता और यात्री शामिल हुए। राजस्थान समेत तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात में रेल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 9 वंदे भारत ट्रेनों का शनिवार को शुभारंभ हुआ। उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर हुए कार्यक्रम में उदयपुर सांसद अर्जुनलाल मीणा, चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी भी मौजूद थे। रेलवे के अनुसार उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस सुविधाओं और कवच तकनीक सहित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित है। इसमें वातानुकूलित श्रेणी के एक एग्जीक्यूटिव एवं सात कुसीर्यान कोच शामिल हैं।

## एक किलो गोबर से बन रही पांच हजार रुपये तक की एंटीरेडिएशन चिप: सर्वजीत

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौ सेवा के अवध प्रांत प्रमुख सर्वजीत ने कहा कि गांव से शहर में गौ सेवा का कार्य तेजी से बढ़ा है। हमारे गौ सेवा के कार्यकर्ता दिनरात मेहनत कर गोबर से गौ उत्पाद बना रहे हैं। एक किलो गोबर से पांच हजार रुपये तक का एंटीरेडिएशन चिप बनाया जा रहा है। एक किलो गोबर का उपयोग कर धूपबत्ती बनायी जाये तो उसकी कीमत ढाई हजार से कम नहीं होगी। लखनऊ पश्चिम के बुद्धेश्वर नगर में सीएम पैराडाइज के सभागार में आयोजित पंचगव्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्वजीत ने कहा कि उत्तर प्रदेश देशी गाय की 16 प्रजाति है। जय ललिता देवी, राधा और लक्ष्मी स्वरूपा गाय है। गाय में आठ लक्ष्मी स्वरूप का वास है। गोबर से लिपा हुआ घर पॉजिटिव एनर्जी देता है। पहले के वक्त में घर गोबर से लिपा होता था। पंचगव्य से मानव चिकित्सा संयोजक वेद गुप्ता ने कहा कि पोषक किरणें शरीर को चाहिए। जब विटामिन डी की कमी होती है तो उस व्यक्ति को धूप में बैठने के लिए कहा जाता है। गाय के गोबर के कंडे का उपयोग शुगर को कम करने के लिए किया जाता रहा है। वात, पित्त, कफ को गोमूत्र से ठीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संकल्प लेकर गौमूत्र का सेवन करें। गौमूत्र का सेवन करने से उदर से जुड़ी तमाम बीमारी नहीं होती है।

योजना — अभी तक साढ़े तीन हजार से अधिक किसानों के खेतों में तालाब खुद चुके है

## बुन्देलखंड में खेत तालाब योजना किसानों के लिए बनी लाइफ लाइन



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर**
**हमीरपुर समेत बुन्देलखंड के ग्रामीण इला**कों में खेत तालाब योजना अब किसानों के लिए लाइफ लाइन बन गई है। पिछले छह साल पहले शुरू इस योजना में अभी तक साढ़े तीन हजार से अधिक किसानों के खेतों में तालाब खुद चुके है। वहीं इस साल खेत तालाब की डिमांड को देखते डिपार्टमेंट ने आठ सौ नए तालाब खेतों में खुदवाने की तैयारी की है। खेतों में पानी से लबालब तालाबों को देख किसान ही नहीं अधिकारियों के भी चेहरे खिल उठे है। बुन्देलखंड के चित्रकूट धाम मंडल के हमीरपुर समेत अन्य ग्रामीण इलाकों में वर्ष 2015-16 से सरकार ने खेत तालाब योजना शुरू की थी। इस योजना का उद्देश्य है कि गांवों में गिरते भूगर्भ जलस्तर को सुधारने के लिए खेत तालाब योजना मील का पत्थर साबित होगी। खेत तालाब योजना को लेकर शुरू में किसानों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई थी लेकिन कुछ ही साल में पूरे क्षेत्र में खेत तालाब योजना की डिमांड किसानों में शुरू हो गई। हालांकि अब यह योजना प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई के नाम से चलाई जा रही है। जिससे किसानों के खेत अब संवरने लगे है। यहां के किसान भी इस योजना को खूब पसंद कर रहे है। क्योंकि जिन किसानों के खेतों में सरकारी मदद से तालाब खुदवाए गए है वहां भूगर्भ जलस्तर के सरकने पर ब्रेक लगा है। सुमेरपुर क्षेत्र के पत्योरा गांव के कुलदीप सिंह चंदेल ने बताया कि कई साल पहले प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत खेत में किसानों ने तालाब खुदवाया। अच्छी बारिश होने से तालाब पानी से भर गये है।

